दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 95 | जयपुर, गुरुवार, 14 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### BJP की दूसरी लिस्ट जारी, करनाल से खट्टर को टिकट



**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी है। इसमें 10 राज्यों से 72 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची में नितिन गडकरी को नागपुर से टिकट दिया गया है। इस सूची में हरियाणा के निवर्तमान सीएम मनोहर लाल खट्टर का भी नाम है जो करनाल से चुनावी मैदान में उतरेंगे। यहां से पूर्व सांसद संजय भाटिया का टिकट काट दिया गया है। हिमाचल के हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। इसके अलावा नॉर्थ मुंबई से लिस्ट में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और नागपुर से नितिन गडकरी का नाम है।

■ पेज 8 भी देखें

### राजस्थान: बसपा ने की दो उम्मीदवारों की घोषणा



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बसपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। मायावती की पार्टी बसपा इस बार आम चुनाव में एकला चलो की नीति पर है। बसपा ने एक दिन पहले यूपी की चार लोकसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों की घोषणा की थी। अब बसपा ने राजस्थान की दो लोकसभा सीट से भी प्रत्याशी उतार दिए हैं। इसमें अलवर और श्रीगंगानगर सीट शामिल हैं। बसपा ने अलवर से फजल हुसैन और श्रीगंगानगर सीट से देवकरण नायक को चुनावी मैदान में उतारा है। बसपा की अभी तक घोषित 6 उम्मीदवारों में से 5 मुस्लिम चेहरे हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बीकानेर जिला आबकारी अधिकारी मोहनराम पूनिया और दौसा चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार मीणा के ठिकानों पर छापे**

# आय से अधिक संपत्ति मामलों में ACB का अफसरों पर एक्शन

बेधड़क | जयपुर

आय से अधिक संपत्ति के मामलों में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। एसीबी के अधिकारियों ने अब लगातार आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज करने शुरू कर दिए हैं। पिछले तीन माह में एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के छह मामले दर्ज किए हैं। एसीबी ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बीकानेर जिला आबकारी अधिकारी मोहनराम पूनिया और दौसा चिकित्सा अधिकारी के ठिकानों पर छापे मारे। जहां पर एसीबी को दोनों आरोपियों व उनके परिजनों और रिश्तेदारों के नाम से करोड़ों रुपए के आवासीय, व्यवसायिक और कृषि भूमि होने के दस्तावेज मिले हैं। एसीबी ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चिकित्सा अधिकारी के पास मिले 13 भूखंड के कागजात

एसीबी ने बीकानेर जिला आबकारी अधिकारी मोहनराम पूनिया के साथ ही आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने पर दौसा के चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार मीणा के दौसा व जयपुर स्थित ठिकानों पर भी छापे मारे हैं, जहां पर एसीबी को दिनेश मीणा व उनकी पत्नी के साथ में रिश्तेदारों के नाम से 13 आवासीय, व्यवसायिक व कृषि भूमि होने के दस्तावेज मिले हैं। एसीबी ने प्रारंभिक जांच में माना है कि दिनेश कुमार मीणा की वैध आय से 50 फीसदी की ज्यादा संपत्तियां मिली है।



### दो दिन पहले ही कार्यभार किया था ग्रहण

दौसा में सिलिकोसिस के फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के मामले में भी कुछ माह पूर्व डॉक्टर दिनेश मीणा को विभाग की ओर से एपीओ किया गया था, लेकिन अभी 2 दिन पहले ही सोमवार को कोर्ट स्टे के बाद डॉक्टर दिनेश मीणा ने फिर से महुवा अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (फिजिशियन) के पर कार्यभार ग्रहण किया था। वहीं बुधवार को डॉक्टर मीणा के ठिकानों पर एसीबी ने छापेमारी कर दी, जिससे चिकित्सा महकमे सहित जिले वासियों में एसीबी की कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

### आबकारी अधिकारी के यहां मिले दस भूखंडों के दस्तावेज

एसीबी ने बीकानेर जिला आबकारी अधिकारी मोहनराम पूनिया के बीकानेर व जोधपुर स्थित ठिकानों पर छापे मारे हैं। जहां पर एसीबी को मोहनराम के परिजनों व रिश्तेदारों के नाम से 10 आवासीय, व्यवसायिक व कृषि भूमि होने के दस्तावेज मिले हैं, जिनकी कीमत बाजार में करोड़ों रुपए है। प्रारंभिक जांच में माना है कि मोहनराम की वैध आय से 60 फीसदी की ज्यादा संपत्तियां मिली है। अब आरोपी के बैंक खातों व लॉकर की तलाशी लेगी।

**मुख्यमंत्री बोले... बिजली कंपनियों को कर्ज में डुबोकर 90 हजार करोड़ का घाटा दे गए गहलोत**

# राजस्थान बनेगा बिजली बेचने वाला प्रदेश: CM

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब-जब कांग्रेस की सरकार आई है, बिजली कंपनियों को कर्ज में डुबोने का काम किया। 2008 से 2013 में कांग्रेस की सरकार रही। इस दौरान इन्होंने बिजली कंपनियों पर 65 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ा। 2014 में केंद्र में हमारी सरकार आई तो सबसे पहले कुसुम योजना के नाम से 62 हजार करोड़ रुपए चुकाने का काम किया, लेकिन जैसे ही 2018 में राज्य में सरकार बदली, एक बार फिर बिजली कंपनियों को कर्ज में डुबो दिया गया। 2023 में फिर हमारी सरकार बनी तो कांग्रेस सरकार पिछले कर्ज के मुकाबले इस बार 90 हजार करोड़ का घाटा हमें देकर गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय 300 करोड़ रुपए का घाटा समय पर लोन लेकर किश्त नहीं भरने से हुआ। जब लोन लेकर ही कर्ज चुकाना चाहते थे तो उस लोन को पहले भी ले सकते थे। मुख्यमंत्री पीएम कुसुम सौर पंप संयंत्र स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार बिजली उत्पादन के लिए विद्युत निगमों और केंद्रीय उपक्रमों के बीच 5 एमओयू और एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया है। अब प्रदेश में बिजली उत्पादन की नई यूनिट लगेंगी। ऊर्जा के क्षेत्र में अब राज्य को अन्य राज्यों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान को पर्याप्त मात्रा में कोयला मिलेगा और यहां रिकॉर्ड बिजली उत्पादन किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि अब तक राजस्थान को महंगी दर पर बिजली की खरीद करनी पड़ती थी जबकि आने वाले वर्षों में राजस्थान बिजली बेचने वाला बड़ा प्रदेश बनेगा।



### 50 हजार किसानों को सब्सिडी पर सोलर पंप

राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में आयोजित समारोह में सीएम भजनलाल ने कहा कि सरकार 50 हजार से ज्यादा किसानों को सब्सिडी पर सोलर पंप देने जा रही है। इन सोलर पंप पैनल के लिए 908 करोड़ रुपए सब्सिडी पर खर्च होंगे। राज्य सरकार इन सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से लगभग 200 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगी। इससे किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता पर निर्भर नही रहना पड़ेगा। साथ ही सरकार पर भी कृषि बिजली कनेक्शन और उस पर दी जाने वाली सब्सिडी की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। सीएम ने कहा कि राजस्थान में जब-जब हमारी पार्टी की सरकार आई, किसानों के हित में काम किया। चाहे भैरोंसिंह शेखावत हों, वसुंधरा राजे या मेरा तीन महीने का कार्यकाल। हमने सबसे ज्यादा काम किसान के हितों के लिए किया।

### हमारी सरकार काम करने में करती है विश्वास

सीएम ने कहा कि जब चुनाव आते हैं तो लोग लोक लुभावन वादे करते हैं, लेकिन हमारी सरकार को आए तीन महीने ही हुए हैं और हमने अपने काम, अपने वादे पूरे करना शुरू कर दिए हैं। हमारी पहली प्राथमिकता पेयजल को लेकर है। सीकर, चूरू, झुंझुनूं को लेकर पहले से ही समझौता था। लेकिन जब कांग्रेस की सरकार बनी तो समझौता खत्म हो गया। अब जब हरियाणा और राजस्थान, दोनों जगह भाजपा की सरकार है तो समझौता हो गया। देवास योजना से भी बहने वाला पानी रोकने की तैयारी है। पानी और किसान, दोनों प्राथमिकता हैं। शर्मा ने कहा कि बिजली को लेकर भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार हमें घाटा देकर गई है। अब राजस्थान ऊर्जा खरीदने वाला नहीं, देने वाला प्रदेश होगा। किसान को समय से बिजली मिलेगी। हमने किसानों की सम्मान निधि 2000 रुपए बढ़ाकर दी है। एमएसपी को भी पहले चरण में 125 रुपए बढ़ा दिया है। कांग्रेस सरकार ने कभी किसानों की सुध नहीं ली।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि किसानों के हित में और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार योजनाएं ला रही है। 2047 में बनने वाले विकसित राष्ट्र में किसानों की भूमिका अहम रहने वाली है। किसानों की फसलों की समय-समय पर सिंचाई हो, जिससे किसानों की पैदावार बढ़े और उनकी आमदनी बढ़ सके। इस तरफ हमारे प्रधानमंत्री का पूरा फोकस है। मंत्री ने कहा कि आज किसानों को पीएम कुसुम सौर पंप संयंत्र योजना के तहत पंप और सोलर पंप दिए जा रहे हैं। इसके माध्यम से किसानों को दिन में आठ घंटे फ्री सोलर बिजली उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीना के साथ जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा मौजूद रहे।

**36 साल पुराने फर्जी आर्म्स लाइसेंस केस में आया फैसला**

# गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

एजेंसी | गाजीपुर

यूपी के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के खिलाफ आठ मामलों में अब तक सजा का ऐलान हो चुका है। फर्जी आर्म्स लाइसेंस केस में मुख्तार को उम्र कैद की सजा का ऐलान किया गया। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए अवनीश गौतम ने 1986 में जाली हस्ताक्षर करके डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में मुख्तार अंसारी को दोषी ठहराया है। अंसारी बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए, जहां वह वर्तमान में बंद हैं और उन पर कुल 61 आपराधिक मामले चल रहे हैं।



पूर्वांचल की राजनीति पर दबदबा रखने वाले मुख्तार अंसारी के रसूख को योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल में खत्म कर दिया गया। मुख्तार का पूरा परिवार इस समय कानूनी मामले में फंसा हुआ है। गाजीपुर से बसपा सांसद और मुख्तार के बड़े भाई अफजाल को भी गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाई गई थी। इस मामले में संसद सदस्यता भी छिन गई। हालांकि, बाद में कोर्ट ने सजा पर रोक लगाई तो अफजाल की सदस्यता फिर से बहाल हो गई। वहीं, मुख्तार अंसारी की मुसीबतें भी कम नहीं हो पा रही है।

**पेपर लीक केस में ED का एक्शन**

# पूर्व आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा की संपत्ति की सीज



बेधड़क | जयपुर

पेपर लीक माफिया पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने बुधवार को डूंगरपुर पहुंचकर आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा की बेशकीमती संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी की टीम ने डूंगरपुर जिले के तीन गांवों में बाबूलाल कटारा की संपत्तियों को जब्त कर वहां बोर्ड लगाया है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां बाबूलाल कटारा के बेटे के नाम पर है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर अभी ईडी की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम बुधवार सुबह डूंगरपुर जिले के भातपुर, मालपुर और राजपुर गांव पहुंची। ईडी को यहां पर बाबूलाल कटारा की पांच संपत्तियां होने की जानकारी मिली थी। ईडी टीम ने इन संपत्तियों को जब्त कर अपने बोर्ड लगा दिए। ईडी को बाबूलाल कटारा की कई और संपत्तियों की भी जानकारी मिली हैं, जिनकी तस्दीक के बाद उन पर भी कार्रवाई की जा सकती है। ईडी द्वारा कृषि भूमि समेत पांच प्रॉपर्टी को सीज करने की कार्रवाई की गई है। उनकी बाजार की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय पर ही एक दूसरे वाणिज्यिक भूखंड को भी सीज किया गया है। हालांकि ईडी के अधिकारियों की ओर से कार्रवाई को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### कटारा ने शेरसिंह को दिया था पेपर

आरपीएससी की शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में बाबूलाल कटारा की मुख्य भूमिका सामने आई है। वह तब आरपीएससी का सदस्य था और पेपर सेट करने का काम भी उसी के जिम्मे था। उसने लाखों रुपए लेकर परीक्षा का पर्चा पेपर लीक गिरोह के सरगना शेरसिंह उर्फ अनिल मीणा को दिया था, जिसने अपने नेटवर्क के जरिए पर्चा अभ्यर्थियों तक पहुंचाया था। शेरसिंह की गिरफ्तारी के बाद एसओजी ने बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया। बाद में ईडी ने भी उससे पूछताछ की थी।

**पेपर लीक माफिया पर शिकंजा**

# EO-RO भर्ती मामले में ACB के घेरे में आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मुखिया की कुर्सी संभालते ही नकल और पेपर लीक माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एसआईटी का गठन करने वाली प्रदेश की भजनलाल सरकार अब पेपर लीक माफिया और भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वालों पर चौतरफा हमले की तैयारी में है।

पेपर लीक, नकल और भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वालों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। एक तरफ एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) और उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती में ताबड़तोड़ खुलासे किए. वहीं अब एसीबी ने अधिशासी अधिकारी (ईओ)-राजस्व अधिकारी (आरओ) भर्ती में कथित धांधली की जांच एक बार फिर शुरू कर दी है। ऐसे में अशोक गहलोत सरकार के समय हुई एक और भर्ती अब विवादों में घिरती नजर आ रही है।

इस मामले में लगातार दूसरे दिन कार्रवाई करते हुए एसीबी ने बुधवार को आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा से पूछताछ की, जबकि मंगलवार को इसी मामले को लेकर एसीबी ने एक अन्य आरपीएससी सदस्य संगीता आर्य के सरकारी आवास पर तलाशी अभियान चलाया था।



### 8 महीने बाद अचानक फिर जांच शुरू

आरपीएससी की ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों की जांच लंबे समय तक ठंडे बस्ते में रही। प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद अब ईओ-आरओ भर्ती का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आया है। अब एसीबी ने नए सिरे से जांच शुरू कर पहले आरपीएससी सदस्य संगीता आर्य के सरकारी आवास पर तलाशी अभियान चलाया और अब दूसरी आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा से पूछताछ की गई है। आयोग की सदस्य मंजू शर्मा से जयपुर एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने पूछताछ की। जयपुर एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व एक टीम आरपीएससी कार्यालय पहुंची। जहां सदस्य मंजू शर्मा के कक्ष में एसीबी ने उनसे पूछताछ की। इस दौरान प्रकरण से संबंधित तफ्तीश की फाइल भी एसीबी अधिकारी मंजू के पास ले गए। इस प्रकरण से जुड़े आवश्यक तथ्यों के अलावा परिवादी और आरोपियों के बयान के आधार सदस्य मंजू शर्मा से पड़ताल की गई।

### कुमार विश्वास की पत्नी हैं मंजू

राजस्थान लोक सेवा आयोग की सदस्य मंजू अजमेर की ही रहने वाली हैं। उनका यहां जयपुर रोड पर उनका पीहर है। प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास मंजू शर्मा के पति हैं। गहलोत सरकार में मंजू की आयोग सदस्य पद के लिए 14 अक्टूबर, 2020 को नियुक्ति हुई थीं। इनका कार्यकाल 14 अक्टूबर, 2026 तक का है। इससे पहले एसीबी ने आरपीएससी मेंबर संगीता आर्य से पूछताछ की थी। संगीता आर्य पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य की पत्नी हैं। दोनों की की नियुक्ति गहलोत सरकार के समय में हुई थी। संगीता आर्य कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी है, जबकि निरंजन आर्य भी चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों को हार का सामना करना पड़ा था।

### 18.50 लाख की घूसखोरी से जुड़ा कनेक्शन

एसीबी की टीम द्वारा आरपीएससी की सदस्य संगीता आर्य के आवास पर तलाशी और दूसरी सदस्य मंजू शर्मा से ईओ-आरओ भर्ती को लेकर पूछताछ की गई है। एसीबी ने पिछले साल जुलाई में ईओ भर्ती परीक्षा पास करवाने के बदले घूस लेने के मामले में घुमंतू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपियों द्वारा किसी आरपीएससी सदस्य के नाम पर रिश्वत लेने की बात सामने आई थी।

## जरूरी खबर

### पूर्व सीएम राजे ने पूछी देवासी की कुशलक्षेम



**बेधड़क.जयपुर।** हार्ट अटैक की वजह से एसएमएस अस्पताल में भर्ती राज्य मंत्री ओटाराम देवासी का इलाज जारी है। इस बीच राजनेता उनकी कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी बुधवार को एसएमएस अस्पताल पहुंचीं और देवासी की कुशलक्षेम जानी। इस दौरान उन्होंने देवासी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा व मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी ओटाराम देवासी से मुलाकात की और स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ग्रहण की शपथ

**बेधड़क.जयपुर।** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को आयोजित हुआ। इस दौरान राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधिपति नरेंद्र कुमार ढड्ढा, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजीत कुमार हिंगर, और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत और अखिलेश कुमार जोशी की कार्यकारणी ने शपथ ग्रहण की। इस मौके पर विधायक बालमुकुंदाचार्य हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, बार के जयपुर अध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा, चुनाव अधिकारी अनिल चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश



**बेधड़क.जयपुर।** पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को सचिवालय भवन में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पशुपालन मंत्री ने विभाग के 100 दिवसीय कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को 100 दिनों के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विभाग में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। इससे विभागीय कार्य और पशु चिकित्सा सेवा भी प्रभावित होती है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि खाली पड़े पदों को भरने के लिए शीघ्र कार्यवाही शुरु की जाए। कुमावत कहा कि पिछले साल लंपी की भयावहता से सबक लेते हुए हमें इस बार समय रहते सचेत होना होगा।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पर साधा निशाना**

# गहलोत को राजस्थान से ज्यादा अपने 'वैभव' की चिंता: जोशी

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियों में बयानबाजी तेज होती जा रही है। सियासी सरगर्मियों के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर कटाक्ष किया।

जोशी ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कांग्रेस और पूर्व सीएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी परिवारवाद, क्षेत्रवाद के खिलाफ रही है। पूर्व सीएम गहलोत ने राजस्थान से ज्यादा अपने बेटे की चिंता की। सीएए को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर जोशी ने कहा कि क्या



हर्ज है कि हमारा भाई जो दुनिया के देशों में प्रताड़ित है और वह वापस भारत आना चाहता है। पीएम के नेतृत्व में उनको सुविधा मिले, इससे किसी राजनीतिक पार्टी को क्या तकलीफ है। ये वही लोग हैं जो दूसरे देशों के इशारे पर बोलते हैं। पूरा देश इस निर्णय का स्वागत कर रहा है। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का वैभव ऊंचा हो रहा है तो इन लोगों को तकलीफ हो रही है। बता दें कि केजरीवाल ने कहा था कि पाकिस्तान के लोगों को नागरिकता देकर बीजेपी भारत के लोगों का हक खत्म कर रही है।

### सभी सीटों पर चल रही तैयारी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के चुनाव नहीं लड़ने के सवाल पर जोशी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी और उनका अपना निर्णय है। पार्टी और नेताओं का निर्णय है कि किसको लड़ाना या किसे नहीं लड़ाना है। भीलवाड़ा में हाल ही कांग्रेस से शामिल हुए रिजु झुनझुनवाला के होर्डिंग लगाने के सवाल पर सीपी जोशी ने कहा कि 15 प्रत्याशी घोषित हो गए हैं और 10 प्रत्याशी घोषित होने हैं। पार्टी का प्रत्याशी कमल का फूल है। सभी सीटों पर तैयारी चल रही है। बाकी सीटों पर जल्द ही उम्मीदवार घोषित होंगे। जोशी ने कहा कि पार्टी और देश की जनता चाहती है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। देश की जनता ने मन बना लिया है कि कमल का फूल खिलाना है। नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

### जनता सब जानती और समझती है

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सोशल इंजीनियरिंग और टिकटों में एससी वर्ग को तरजीह देने के सवाल पर सीपी जोशी ने कहा कि देश की जनता जानती है कि बाबा साहब को लोकसभा में जाने से किसने रोका। बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया, जब मिला तो किसने दिया. किसने संसद मे चित्र नहीं लगाने दिया। देश की जनता सब जानती भी है और समझती भी है। जोशी ने कहा कि इतने सालों तक गरीब को मकान नहीं दिया, उज्ज्वला, जनधन खाते, किसान सम्मान निधि की सुविधाएं नहीं मिलीं। 60 साल तक कौन राज कर रहा था? किसने 10 वर्षों में एससी-एसटी और हर वर्ग के लिए कल्याणकारी काम किए, यह जनता जानती है।

### आंजना से ज्यादा चित्तौड़ में मैं रहता हूं

चित्तौड़ में गैरमौजूदगी को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के सवाल पर सीपी जोशी ने कहा कि चित्तौड़ में उनसे ज्यादा क्षेत्र में मैं रहता हूं। प्रदेश की जिम्मेदारी है तो भी चित्तौड़ में ज्यादा रहता हूं। 60 बरसों की तुलना में क्षेत्र में 10 वर्षों में विकास कराया है। चित्तौड़ से जुड़ी हर समस्या को संसद में उठाया है। यह चित्तौड़गढ़ की जनता जानती है। वहीं, वैभव गहलोत को जालोर-सिरोही से टिकट देने के सवाल पर जोशी ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा परिवारवाद और क्षेत्रवाद के खिलाफ है। वैसे भी गहलोत साहब ने राजस्थान के वैभव की चिंता कम की है और अपने 'वैभव' की चिंता ज्यादा की है।

---

**डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने पीएम के ऑनलाइन कार्यक्रम में कहा...**

# BJP की डबल इंजन सरकार कर रही प्रदेश का सर्वांगीण विकास

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लॉन्च कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से बुधवार को सवाईमाधोपुर के राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय से सहभागिता निभाई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 साल पूर्व जब हमारी सरकार थी तब सवाई माधोपुर में बहुत अच्छे विकास कार्य किए गए। अब फिर से राज्य में हमारी सरकार आ गई है।

डबल इंजन की सरकार डबल गति से दौड़कर प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है। दीया कुमारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वंचित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं विद्यार्थियों को छात्रवृतियां और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने जैसे प्रशंसनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने ने कहा कि इस आउटरीच कार्यक्रम में देश के 525 जिलों से विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित 3 लाख लाभार्थियों को जोड़ा गया है जिनमें उद्यमियों को कम ब्याज दरों पर ऋण सहायता दी जाएगी और सफाई कर्मियों को पीपीई किट दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज में स्वच्छता का ध्यान रखने वाले समाज के वंचित वर्ग का हमेशा सम्मान किया है। नमस्ते योजना के माध्यम से उन्हें सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है। उन्हें मशीन उपलब्ध करवाई गई कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से उन्हें स्वच्छता से संपन्नता की ओर ले जाया गया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री का जिले की सीमा पर जिलेवासियों द्वारा फूल मालाओं और ढोल नंगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री को नागरिकों ने उनकी परिवेदनाओं के ज्ञापन भी सौंपे, जिनका उप मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भाव से समाधान करने का आश्वासन दिया।



### पर्यटक स्थलों को टूरिस्ट फ्रेंडली बनाने पर करें काम

सवाई माधोपुर जिले के पर्यटन विकास, पर्यटकों की सुविधाओं, किले, राज्य होटल प्रबंधन संस्थान सवाई माधोपुर एवं शिल्पग्राम के विकास के संबंध में उप मुख्यमंत्री दीयाकुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के पुस्तकालय में बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि हमे पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ रणथंभौर टाईगर रिजर्व, रणथंभौर किले, त्रिनेत्र गणेश मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थलों को टूरिस्ट फ्रेण्डली बनाना होगा। उन्होंने कहा कि रणथम्भौर किले में आने वाले पर्यटक मानव ही है उन्हें भी पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर में पेयजल एवं शौचालय बड़ी समस्याएं हैं इनकी शीघ्र निस्तारण के निर्देश उन्होंने जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, वन विभाग डीसीएफ डॉ. भाकर, एएसआई के महेन्द्र कुमार को दिए।

### सवाईमाधोपुर में पर्यटन की असीम संभावना

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सवाई माधोपुर प्रवास के दौरान कहा कि सवाई माधोपुर में पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने त्रिनेत्र गणेशजी की दर्शन यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेकर असंतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि यहां व्यवस्थाओं को सुधारना होगा। त्रिनेत्र गणेशजी आने वाले यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करनी होगी। वही उपमुख्यमंत्री ने शिल्पग्राम के निरीक्षण के दौरान भी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि शिल्पग्राम की स्थिति जीर्ण क्षीण हो गई है। यहां का नए सिरे से जीर्णोद्धार किया जाए। यहां पर्यटकों का फुटफॉल बढ़ाया जाए। शिल्पग्राम में स्थानीय सवाई माधोपुर शहर के लोगों को स्टॉल उपलब्ध करवा कर उनकी सहभागिता बढ़ाई जाए। उप मुख्यमंत्री ने सवाईमाधोपुर में पर्यटन की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव को यहां पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुधवार को रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना की।

---

**सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री बोले**

# समाजों की मांगों और सुझावों पर समस्याओं का होगा निराकरण

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार की 100 दिवस कार्य योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को निदेशालय के सभागार में बैठक हुई। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के बेहतर संचालन, सुधार एवं सुझाव को लेकर इन वर्गों के सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई।

मंत्री अविनाश गहलोत ने बैठक में विभिन्न समाज से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया और संचालित योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए उनके सुझाव मांगे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्राप्त सुझावों में से क्रियान्वित किए जाने वाले सुझावों पर अमल करने और इन वर्गों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों ने एससी एसटी विकास कोष में सुधार करने, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि पर फोकस करने, नियमित रूप से छात्रवृति मिलने, पेंशन राशि नियमित और समय पर ओबीसी वर्ग को पूर्ण आरक्षण देन, कुछ जातियों के नामों में आ रही विसंगतियों को दूर करने जैसे सुझाव दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, निदेशक घनेंद्र भान चतुर्वेदी और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



### स्कूल एट हॉम हेल्पलाइन लॉन्च

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने विशेष योग्यजन निदेशालय के अधीन विशेष विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्कूल एट हॉम हेल्पलाईन को भी लॉन्च किया। हैल्पिंग हैंड इण्डिया एनजीओ की ओर से विशेष योग्यजन बच्चों को नियमित निशुल्क शिक्षा प्रदान करते हुए पांचवे वर्ष से यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए टोल फ्री नंबर 011-41212300 पर संपर्क कर सकते हैं। इसमें देशभर के दिव्यांगजन, गरीब छात्रों से आसानी से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल सुविधा भी शामिल है।

---

**विभाग के शासन सचिव ने दिए नोटिस थमाने के निर्देश**

# सीट से गायब मिले अधिकारी-कर्मचारी

**बेधड़क | जयपुर**

शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल बुधवार को सचिवालय स्थित शिक्षा विभाग के अनुभागों के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों के गायब मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सबको कारण बताओं नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

कृष्ण कुणाल सुबह 9:45 पर सचिवालय पहुंचे थे, जहां से वे सीधे शिक्षा विभाग के अनुभागों का निरीक्षण करने रवाना हो गए। इस दौरान 9 अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीट से गायब मिले। इस पर कृष्ण कुणाल ने वहां मौजूद अधिकारियों से गैरमौजूद



अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर सवाल किया। इस पर जब कोई अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए तो उन्होंने सभी अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए। कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा विभाग में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी। जो भी अधिकारी और कर्मचारी शिक्षा विभाग में काम कर रहे हैं, उन्हें निर्धारित वक्त पर ऑफिस पहुंचना अनिवार्य है। ऐसा सिर्फ सचिवालय या शिक्षा संकुल में नहीं बल्कि, प्रदेशभर में होना जरूरी है। अगर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी निर्धारित वक्त पर ऑफिस नहीं पहुंच रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**वन मंत्री शर्मा ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास**

# सबके सहयोग से विकास पथ पर बढ़ेंगे आगे

**बेधड़क | जयपुर**

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को अलवर जिले में करीब 11 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कराया जाएगा।

सबका सहयोग लेकर शहर के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मंत्री श्री संजय शर्मा को साफा व माला पहनाकर उनका सम्मान किया। मंत्री शर्मा ने शहरी सड़कों के नवीनीकरण योजनान्तर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग




द्वारा बनाई गई अलवर शहर में 25.50 लाख रुपए की लागत से बनी जयपुर रोड से पुराना भूरासिद्ध मंदिर तक व 35 लाख की लागत से बनी मीणा धर्मशाला नयाबास से महात्मा गांधी विद्यालय के सामने तक सीसी सडक, 1 करोड़ 50 लाख की लागत से विवेकानन्द नगर एवं काला कुआं की आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य, 15 लाख की लागत राशि से बनी रामायणी हनुमान मंदिर से प्रतापबंध चौकी से आगे वन विभाग की चौकी तक बीटी सडक, 95 लाख की लागत से बनी घोडाफेर चौराहे से लालखान अखैपुरा मौहल्ला होते हुए रामायणी हनुमान मंदिर तक सीसी सडक नीवीनीकरण कार्य, 45 लाख रुपए की लागत राशि से बनी दिल्ली दरवाजा से शराब गोदाम होते हुए फूटी खेल तिराहा स्कीम नं. 4 के मॉनर तक सीसी सडक, 3 करोड की लागत राशि से बनी शहीद करण सिंह पेट्रोल पम्प हसन खां से भर्तृहरि पैनोरमा तक बीटी सडक, 2 करोड 15 लाख की लागत राशि से आर्टस कॉलेज पुलिया से जेल सर्किल होते हुए शिवाजी पार्क पेट्रोल पम्प तक सड़क नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

---

**राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 32.4 रहा**

# प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से हुई हल्की बारिश और बूंदाबांदी

### बादल छाने गिरा से तापमान

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव के चलते बुधवार को सरहदी जिलों में बादल छाये रहे। हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और फलोदी बुधवार सुबह से बादल छाए रहे जिससे इन शहरों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

जैसलमेर-गंगानगर के बॉर्डर एरिया पर रात में गरज-चमक के साथ कुछ जगह हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी हुई है। जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत कई शहरों में दिन का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गुरुवार से इन इलाकों में आसमान साफ हो जाएगा। इसके बाद से राज्य में तापमान में बढ़ोतरी होगी और गर्मी सताने लगेगी। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव के कारण जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर के एरिया में हल्की हवा चलने के साथ बादल छाने लगे। जैसलमेर में रात करीब 2 से 3 बजे के बीच कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर के घड़साना, अनूपगढ़ के एरिया में बुधवार सुबह हल्की बारिश दर्ज हुई।



### दिन में बढ़ी धूप की तपन, तेज हुआ गर्मी का अहसास, पंखे-एसी चलने शुरू

राजधानी जयपुर में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर नहीं है। इस कारण यहां तापमान बढ़ रहा है। बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। दिन में तेज धूप से गर्मी होने के कारण दफ्तर, गाड़ियों में लोगों को एसी चलाना पड़ रहा है। शाम को भी सर्दी नहीं होने से लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत नहीं रही। जयपुर में सुबह न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसी प्रकार बाड़मेर में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। डूंगरपुर में भी पारा 34.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सबसे ज्यादा तापमान जोधपुर के पास फलोदी एरिया में रहा, जहां अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भीलवाड़ा, कोटा, जोधपुर, बारां, जालोर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली, उदयपुर, अजमेर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम | शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 32.4 | 17.4 | धौलपुर | 31.9 | 15.9 |
| अलवर | 30.6 | 12.8 | डूंगरपुर | 34.7 | 18.5 |
| जयपुर | 32.4 | 17.8 | सिरोही | 29.8 | 12.7 |
| भीलवाड़ा | 33.3 | 12.9 | करौली | 32.3 | 12.5 |
| बीकानेर | 31.5 | 18.6 | माउंट आबू | 24.8 | 12.5 |
| चूरू | 30.6 | 14.8 | बाड़मेर | 34.4 | 18.3 |
| जोधपुर | 33.0 | 17.1 | जैसलमेर | 31.6 | 18.5 |
| उदयपुर | 32.2 | 14.2 | फलोदी | 35.2 | 22.4 |
| पिलानी | 30.8 | 13.1 | गंगानगर | 29.8 | 15.8 |
| सीकर | 29.5 | 14.5 | हनुमानगढ़ | 28.3 | 11.1 |
| कोटा | 33.3 | 17.9 | जालोर | 33.8 | 17.6 |
| चित्तौड़गढ़ | 32.0 | 14.4 | | | |

## जरूरी खबर

### लोकगायक-कवि भगवान सहाय सैन का निधन



**जयपुर।** प्रदेश के ख्यात लोकगायक और कवि भगवान सहाय सेन का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 70 साल के थे। अपनी कविताओं व राजस्थानी भजनों के जरिए अपनी अलग पहचान कायम की। जानकारी के अनुसार सीने में दर्द की शिकायत के चलते उन्हें झोटवाड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनका बुधवार दोपहर निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही उनके प्रशंसकों में मायूसी छा गई। बुधवार को उनके पैतृक गांव जयपुर के आकेड़ा में उनका अंतिम सस्कार किया गया। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भगवान सहाय सेन ने करीब 600 से ज्यादा भजनों को अपनी आवाज दी। राजस्थान के लोक देवताओं पर आधारित उनके गाए भजन आज भी गुनगुनाए जाते हैं। राजस्थानी एलबम भीलणी ने उन्हें देशभर में पहचान दिलाई।

### शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त की राजस्व समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आयुक्त ने सभी उपायुक्तों को शत-प्रतिशत राजस्व के लक्ष्य को अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क वसूलें। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त राजस्व प्रथम जनार्दन शर्मा, संबंधित फर्म के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में पीपीटी के माध्यम से नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क, जोन वाइज डिमांड नोटिस स्टेटस, नगर निगम मुख्यालय से जोनवार जारी कुर्की का विवरण, होर्डिंग नीलामी साइट, पार्किंग आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

### हाई कोर्ट में पेश हुए मुख्य सचिव सुधांश पंत

# सरकारी अधिवक्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व राजपरिवार की संपत्तियों से जुड़े मामलें में सुनवाई के समय राज्य सरकार की ओर से सरकारी अधिवक्ता के कोर्ट में पैरवी के समय उपस्थित नहीं होने के मामले में बुधवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत वीसी के जरिए हाई कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मंगलवार को सरकारी अधिवक्ता के पेश नहीं होने पर मुख्य सचिव को तलब किया था। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अदालत में पेश होकर कहा कि सरकारी वकील की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। ऐसे में वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके।




इस पर कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि वह शपथ पत्र देकर भविष्य में सरकारी अधिवक्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव के साथ प्रमुख शासन सचिव विधि ज्ञान प्रकाश गुप्ता भी कोर्ट में वीसी के जरिए पेश हुए। गौरतलब है कि हाई कोर्ट पिछले ढ़ाई माह में कई बार सरकारी अधिवक्ताओं के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के लेकर नाराजगी जता चुका है।

### अनुपस्थिति के लिए मुख्य सचिव को बताया था जिम्मेदार



दरअसल हाई कोर्ट मंगलवार को पूर्व राजपरिवार की संपत्तियों पर कब्जे को लेकर राज्य सरकार और जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य पद्मिनी देवी व दीया कुमारी के बीच चल रहे विवाद पर सुनवाई कर रहा था। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील के नहीं पहुंचने पर जस्टिस अशोक कुमार जैन की बेंच ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा था कि लगता है राज्य सरकार को राज्य हित की परवाह ही नहीं है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता व अतिरिक्त महाधिवक्ता के हाजिर नहीं होने के लिए मुख्य सचिव जिम्मेदार हैं।

### सरकार ने दायर कीं 4 रिवीजन याचिकाएं

हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने ही 4 रिवीजन याचिकाएं दायर की हैं। रिवीजन याचिकाओं में सरकार ने पुरानी विधानसभा भवन टाउन हॉल, पुराना पुलिस मुख्यालय एवं जलेबी चौक की संपत्तियों को लेकर पूर्व राजपरिवार के सिविल दावे को चुनौती दी गई है। पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने उपरोक्त संपत्तियों का कब्जा दिलाने के लिए अधीनस्थ न्यायालय में सिविल दावा किया है। सरकार का कहना है कि कोवेनेंट से संबंधित मामलों में सिविल दावे पर संविधान के अनुसार कोई कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकती है। अधीनस्थ न्यायालय ने सरकार के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया हैं, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

### भाजपा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान शहीद स्मारक पर झड़प

# NSUI कार्यकर्ताओं के विरोध मार्च पर पुलिस का लाठीचार्ज

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा सांसद अनंत हेगड़े के बयान के विरोध में मार्च निकाल रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। इस पर पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर उनको खदेड़ दिया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सरकार के आदेश पर हम पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह भाजपा की ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

दरअसल, जयपुर में एनएसयूआई के कार्यकर्ता भाजपा सांसद अनंत हेगड़े के बयान के विरोध में शहीद स्मारक से भाजपा मुख्यालय तक विरोध मार्च निकालने वाले थे, लेकिन पुलिस ने पहले ही शहीद स्मारक पर बैरिकेडिंग कर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इससे नाराज कार्यकर्ता बैरिकेडिंग को तोड़कर निकलने की कोशिश करने लगे।

इस दौरान उनकी पुलिस से मामूली झड़प हो गई। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया।



फोटो: पंकज शर्मा

### देश में तानाशाही चाहते हैं भाजपा सांसद

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि भाजपा के सांसद देश में तानाशाही लाना चाहते हैं। वह संविधान में बदलाव की सोच जाहिर कर यह बताना चाहते हैं कि बीजेपी किस मानसिकता पर काम कर रही है। इसे एनएसयूआई के कार्यकर्ता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। जयपुर में हम अनंत हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शांतिप्रिय तरीके से प्रदर्शन कर अपनी मांग रखना चाहते थे, लेकिन सरकार के आदेश पर पुलिस प्रशासन ने हम पर लाठीचार्ज किया। यह पूरी तरह से भाजपा की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। वैसे भी बीजेपी इस बार देशभर में 400 सीटें नहीं जीतेगी, क्योंकि जनता उनको वोट की चोट देकर करारा जवाब देगी।

### देश के अन्य प्रदेशों में भी प्रदर्शन

दरअसल, भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने पिछले दिनों लोगों से भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया था, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। इसके बाद बीजेपी ने हेगड़े के बयान को उनका निजी विचार बताते हुए पल्ला झाड़ लिया, लेकिन इस मुद्दे पर कांग्रेस राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों में विरोध-प्रदर्शन कर रही है।

### मादक पदार्थ और 17920 रु. बरामद

# स्मैक की सप्लाई करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार



**बेधड़क** | जयपुर

कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने 3 थाना इलाकों में स्मैक की सप्लाई करने वाली 3 महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों महिलाओं से 203.40 ग्राम गांजा, 4.48 ग्राम स्मैक और 17 हजार 920 रुपए बरामद किए हैं।


सीएसटी ने यह कार्रवाई गलता गेट, कानोता और जवाहर नगर थाना इलाके में की है। सीएसटी टीम ने गिरफ्तार तीनों महिलाओं को थाना पुलिस को सौंप दिया है। सीएसटी ने पहली कार्रवाई गलता गेट थाना इलाके में की। पुलिस ने यहां महिला तस्कर मकसूदा बेगम उर्फ लंगड़ी को गिरफ्तार कर 4 ग्राम 48 मिलीग्राम स्मैक और 4570 रुपए, कानोता थाना इलाके में पप्पी देवी के कब्जे से 143 ग्राम गांजा, जवाहर नगर थाना इलाके में अनिता बाटू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60.40 ग्राम गांजा और 13 हजार 350 रुपए बरामद किए हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जोर्ज जोसफ ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस एक्शन कर रही है, लेकिन उसके बाद भी कई इलाकों तक पुलिस पहुंच नहीं पा रही है। जागरूक लोग पुलिस को वॉट्सऐप नंबर या फिर 100 नंबर पर जानकारी साझा करें, ताकि ये लोग पकड़े जाएं और जयपुर में नशे का अवैध व्यापार खत्म हो सके। पिछले कुछ दिनों से इन तीन थाना इलाकों में मादक पदार्थ की बिक्री की जानकारी मिली रही थी। इस पर टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई की गई।

### कॉन्स्टेबल के 56 पदों के लिए मांगे आवेदन

# पुलिस में खिलाड़ियों के लिए निकली भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए खिलाड़ियों से आवेदन ऑनलाइन मांगे हैं। 3 हजार 578 पदों पर होने वाली कॉन्स्टेबल भर्ती में नियम के अनुसार 2 प्रतिशत कोटा खिलाड़ियों का होता है। इसके तहत 56 पदों पर खिलाड़ियों के लिए भर्ती ऑनलाइन निकाली गई है। इन 56 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 मार्च से 16 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। एडीजी पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति सचिन मित्तल ने बताया कि यह आवेदन योग्य



एवं इच्छुक आवेदक राज कॉम इन्फो सर्विसेज द्वारा संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जन सुविधा केंद्र व राजस्थान पुलिस के ऑनलाइन रिक्रूटमेंट पोर्टल पर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया- उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा में केवल राजस्थान राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थी ही पात्र माने जाएंगे। उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा में चयनित अभ्यर्थियों को केवल कॉन्स्टेबल सामान्य पदों के रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति दी जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा केवल एक ही खेल/इवेंट के लिए आवेदन किया जा सकेगा। भर्ती में एथलेटिक्स, क्रॉसकंट्री, जूडो, जिम्नास्टिक, वुशु, ताइक्वाण्डो, कराटे, फेन्सिंग, कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वाटर स्पोर्ट्स, बैडमिंटन, साइकिलिंग, स्वीमिंग, घुड़सवारी, शूटिंग, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, खो-खो और हॉकी के खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे।

### महापौर ने शुरू किया 'घूमो जयपुर' थीम पर नवाचार

# दौड़ और योगा से दिया स्वच्छता का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या ने आमजन से सीधे जुड़ाव के लिए नई पहल की है। इसके लिए 'घूमो जयपुर' थीम पर नवाचार अभियान शुरू की है। इसमें महापौर अलसुबह जाकर जयपुर शहर के विभिन्न पार्कों सहित अन्य स्थलों पर आमजन मिलेगी। साथ ही लोगों को सहभागी बनने का संदेश देते हुए शहर को स्वस्थ, स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए घूमने के साथ साथ शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवागी।

इसी कड़ी में बुधवार को महापौर सोम्या अलसुबह 6 बजे जवाहर सर्किल स्थित पार्क में पहुंची। जहां



पर मौजूद आम जनता के साथ महापौर ने मुलाकात कर समस्या सुनी। महापौर ने आमजनता के साथ योगा किया और दौड़ लगाई। पार्क में मौजूद लोगों को महापौर ने कपड़े से बने थैले वितरित किए और सभी से आग्रह भी किया कि जहां भी गंदगी मिली उसे उठाकर कूड़ेदान में डाले। वहीं, बाजार में जाते वक्त कपड़े से बने थैले का उपयोग करें।

इससे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम हो सके। आमजनता ने भी महापौर के इस अभियान में दिलचस्पी दिखाते हुए महापौर के इस अभियान की प्रशंसा की। यही नहीं आम जनता ने महापौर सोम्या के साथ मिलकर योगा और दौड़ भी लगाई।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महापौर सोम्या गुरुवार को सेंट्रल पार्क जाएगी, जहां पर आमजनता को 'घूमो जयपुर' थीम से रूबरू कराएंगी।

### सफाई कर्मचारियों की सरकार से वार्ता विफल

# गुलाबी नगरी में आज भी न तो कचरा उठेगा और ना ही सफाई होगी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में गुरुवार को भी न कचरा उठेगा और ना सफाई होगी, क्योंकि सफाई कर्मचारियों की भर्ती के मामले में आंदोलन कर रहे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की वार्ता बुधवार को सरकार के साथ विफल रही। स्वायत्त शासन निदेशालय में देर शाम हुई बैठक में सरकार ने संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ की शर्तों को मानने से इनकार कर दिया। संगठन ने इस भर्ती में वाल्मीकि समाज के उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता से शामिल करने की मांग की, जिन्होंने पहले नगरीय निकायों में कॉन्ट्रैक्ट या संविदा पर रहकर सफाई का काम किया है। इन अभ्यर्थियों को लॉटरी में शामिल किए बिना ही जॉइनिंग करवाने की मांग को राज्य सरकार ने मानने से मना कर दिया।





### परकोटे में हड़ताल का ज्यादा असर

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का ज्यादा असर जयपुर शहर के चारदीवारी एरिया में रहा। बाहरी इलाकों में आज कचरा कलेक्शन के लिए हूपर वापस घरों पर आने शुरू हो गए। कंपनियों को नगर निगम ग्रेटर की ओर से चेतावनी देने के बाद डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम फिर से शुरू करवाया गया। हालांकि, चारदीवारी के अधिकांश एरिया में बुधवार को भी हूपर नहीं आए और न ही सड़कों पर झाड़ू लगी और कचरा उठा।

### अब लोकल लेवल पर संपर्क और बैठकें

संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने बताया कि सरकार ने हमारी मांगों को मानने से इनकार कर दिया है। अब हमने आगे की रणनीति बनाते हुए आंदोलन को तेज करने का फैसला किया है। इसके लिए अब हम हर एरिया में जाकर लोकल लेवल पर वाल्मीकि समाज से जुड़े लोगों से मिलेंगे, बैठक करेंगे और उनको इस आंदोलन में शामिल होने के लिए कहेंगे। डंडोरिया ने बताया कि जब तक सरकार हमारी मांगों को नहीं मानेगी, तब तक जयपुर शहर समेत तमाम दूसरे शहरों में निकायों के सफाई कर्मचारी आंदोलन पर रहेंगे।

## जरूरी खबर

### चार दिन पहले घर से लापता युवक का मिला शव



**भानपुर कलां।** जमवारामगढ़ थाना क्षेत्र अधीनस्थ गांव भानपुर कलां में बुधवार सुबह एक युवक का खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुकेश मीणा (28) निवासी गांव झोल के रूप में हुई। परिजनों को सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मुकेश करीब चार दिन पहले घर से बिना बताए चला गया था। परिजनों ने आस-पास में तलाश भी की थी, लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि अगले दिन उसकी मौत की खबर आएगी।

### नाबालिग से गैंग रेप के तीन आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार

**दौसा।** जिले की लवाण थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा से गैंग रेप के मामले में बुधवार को 3 आरोपियों को 12 घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं, वारदात में काम ली गई बाइक को भी जब्त कर लिया गया। पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराया था, जिसमें बेटी को स्कूल से अगुवा कर ले जाने की बात कही थी। थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह ने बताया कि छात्रा को आरोपी दीपक यादव के पास से दस्तयाब किया। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि तीनों आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। आरोपी दीपक यादव निवासी बांसखो की निशानदेही पर आरोपी कृष्ण कुमावत निवासी श्रीनगर पाटन तुंगा और अजय कुमार सैनी निवासी बांसखों को को गिरफ्तार किया गया।

### 340 कारीगरों को 562 मशीन और टूल किट बांटे



**दूदू।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अध्यक्ष मनोज कुमार ने केवीआईसी उत्तर क्षेत्र के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी और जिलाधिकारी हनुमान मल ढाका की उपस्थिति में राजस्थान के 340 कारीगरों को 562 मशीन और टूलकिट का वितरण किया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मंडलीय कार्यालय बीकानेर के अंतर्गत खादी मंदिर परिसर में बने 'सेंट्रल मैरिनो वूल बैंक' का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ही बीकानेर के 20 कारीगरों को ऑनालाइन माध्यम से 4 डोना पत्तल निर्माण मशीनों का भी वितरण किया गया।

## नगर विकास न्यास और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच एमओयू... बिरला ने लिया फीडबैक

# कोटा एयरपोर्ट की राह में बाधा बिजली लाइन होगी शिफ्ट

बेधड़क | बूंदी

कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण की एक और बाधा बुधवार को दूर हो गई। शंभूपुरा में चिह्नित भूमि से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए नगर विकास न्यास और पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच बुधवार को एमओयू हुआ।

कोटा-बूंदी दौरे पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी चिह्नित भूमि का निरीक्षण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और कोटा-बूंदी के जिला प्रशासन के अधिकारियों से फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान बिरला ने



अधिकारियों से एयरपोर्ट की भूमि की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तीनों एजेंसियां अपने-अपने कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की कार्ययोजना बनाएं। ओम बिरला ने कहा कि कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण हमारी प्राथमिकताओं में है। यह कार्य कोटा-बूंदी सहित पूरे हाड़ौती के लिए कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भूमि हस्तांतरण से पहले ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने डीपीआर बनाने के कार्यादेश जारी कर दिए। उन्होंने कहा कि हम हाड़ौती को विश्व स्तरीय सुविधाओं वाला एयरपोर्ट देना चाहते हैं।

### प्रदेश में भाजपा सरकार के आने से अब तेज होगा काम

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए जमीन उपलब्ध करवाना राज्य सरकार का दायित्व होता है। जमीन ट्रांसफर करने और बिजली की लाइनें शिफ्ट करने के लिए करीब 127 करोड़ रुपए राज्य सरकार को देना था, लेकिन 26 मई 2022 से 29 अगस्त 2023 के बीच वन विभाग, एयरपोर्ट अथॉरिटी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की ओर से भेजे गए दो दर्जन से अधिक पत्रों के बाद भी महज 21 करोड़ रुपए ही जमा करवाए गए। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब कोटा एयरपोर्ट से जुड़े सभी काम प्राथमिकता पर हो रहे हैं। एयपोर्ट निर्माण के काम को भी अब गति मिल रही है। हमारी कोशिश है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो।

### 11 किलोमीटर क्षेत्र से हटेगी हाईटेंशन लाइन

एयरपोर्ट अथॉरिटी की मांग के अनुरूप चिह्नित भूमि की सीमा से चारों दिशाओं में विद्युत लाइनों को डेढ़ किमी या उससे दूर शिफ्ट किया जाएगा. ऐसे में हाईटेंशन लाइन हटाने के लिए पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन 11 किलोमीटर क्षेत्र में फैले कुल 34 टावर्स को शिफ्ट करेगा. इनके जरिए राजस्थान परमाणु बिजली घर से जयपुर साउथ और कोटा से मेड़ता-ब्यावर को 400 केवी की दो ट्रांसमिशन लाइन्स के जरिए विद्युत आपूर्ति की जा रही है. इनके स्थान पर 46 नए टॉवर लगाए जाएंगे, जिन पर 15.064 किमी लंबी ट्रांसमिशन लाइन बिछाई जाएगी।

### डीपीआर के काम को मिली गति

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देशों के अनुरूप डीपीआर तैयार करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अथॉरिटी की कोशिश है कि लाइन शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने तक डीपीआर तैयार करने के साथ अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाए। इस दौरान लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, लोकसभा स्पीकर के ओएसडी राजीव दत्ता, कोटा जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, उपखंड अधिकारी तालेडा एसडी सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## झालावाड़, अलवर और धौलपुर में की बड़ी कार्रवाई

# नशा तस्करी पर पुलिस सख्त तीन जिलों में पकड़ी बड़ी खेप

बेधड़क | झालावाड़

जिले की अकलेरा पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.88 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा सहित तस्करी में काम में ली जाने वाली बोलेरो मैक्सी ट्रक को जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 72 लाख रुपए बताई है।

हालांकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि बुधवार को पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के परिवहन का इनपुट अकलेरा पुलिस को दिया था। इसको लेकर एनएच 52 हाइवे पर अकलेरा थाना अधिकारी द्वारा लगातार गश्त की जा रही थी। इसी दौरान कुकरवाड़ा तिराहे पर एक बोलेरो मैक्सी ट्रक रोड पर डिटेन किया गया। जब बोलेरो ट्रक की तलाशी ली गई, तो उसमें 4.88 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया। इस दौरान ट्रक का चालक व उसका साथी वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने मौके से डोडा-चूरा से भरे ट्रक को जब्त कर लिया और अज्ञात लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। फिलहाल हाइवे के आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में झालावाड़ जिले में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारी मात्रा में डोडाचूरा जब्त भी किया है, लेकिन तस्करी करने वाले आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे हैं।



### बीस लाख का गांजा बरामद, आरोपी को दबोचा

**धौलपुर।** जिले की बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस, डीएसटी टीम एवं क्यूआरटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। आरोपी गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। बरामद किए गए गांजे की कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी शिव लहरी को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के संत नगर रोड पर खेतों में बाड़ा बना हुआ है। इसके अंदर गाड़ी में अवैध मादक पदार्थ भरा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को जब्त किया, जिसमें करीब 20 बोरों में गांजा भरा हुआ मिला। गांजा



तस्कर 30 वर्षीय जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी राजपूत कॉलोनी बाड़ी को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने जमीन के अंदर भी गांजा छुपा हुआ बताया। फावड़े से खुदाई कर पुलिस ने जमीन से 650 पैकेट गांजे के बरामद किए। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि आरोपी जितेंद्र ने 8 महीने पहले ही गांजा तस्करी की शुरु की थी।

### 9 लाख की अवैध शराब पकड़ी, तस्कर गिरफ्तार

अलवर। शहर की अरावली विहार थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी कर ले जा युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही मौके से एक पिकअप गाड़ी भी जब्त की है। थानाधिकारी गुरूदत्त सैनी ने बताया कि भूगोर तिराहे सामौला की तरफ एक पिकअप गाड़ी में अवैध शराब भरी होने की सूचना मिली थी। सामौला चौक पर रोककर वाहन की तलाशी ली गई। इसमें 35 पेटी अवैध शराब और 1680 पव्वे जब्त किए हैं। आरोपी मुख्तयार सिंह निवासी नाडका को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी मुख्तयार सिंह को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेगी ताकि नेटवर्क का पता चल सके।

## सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से हादसा

# सीवरेज के काम में जुटे चार मजदूर मिट्टी में दबे, दो की मौत



बेधड़क | सिरोही

आबूरोड शहर के केसरगंज में ब्रह्मपुरी कॉलोनी के पास चल रहे सीवरेज कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से चार श्रमिक दब गए। घायलों को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दो श्रमिकों का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि मौके पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं थे। घटना की सूचना मिलते ही माउंटआबू डीवाईएसपी अचलसिंह, नगरपालिका चेयरमैन मगनदान चारण, आबूरोड एसडीएम वीरमाराम, आबूरोड शहर थानाधिकारी बंशीलाल साद एवं एएसआई भरत कुमार प्रजापत सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। माउंटआबू डीवाईएसपी अचलसिंह ने बताया कि केसरगंज क्षेत्र में ब्रह्मपुरी कॉलोनी के पास सीवरेज का काम चल रहा था। इस दौरान 4 श्रमिक चैंबर में पाइपलाइन कनेक्शन का काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक मिट्टी अंदर धंसने चारों श्रमिक उसमें दब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी एवं आस-पास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर श्रमिकों को बाहर निकाला। पुलिस ने मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाकर उनके परिजनों को सूचना दी। आस-पास के लोगों ने बताया कि रातभर से यहां काम चल रहा था, लेकिन न तो यहां लाइट की कोई व्यवस्था थी और ना ही जनरेटर था। वहीं मिट्टी भी गीली थी। सभी श्रमिक अंधेरे में काम कर रहे थे। इस वजह से यह हादसा हुआ। इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी अभी तक एलएनटी एवं रूडीफ के जिम्मेदार अधिकारी न तो मौके पर पहुंचे तथा न ही अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी। प्रथम दृष्टया मौके पर सुरक्षा के निर्धारित मापदंडों की अनदेखी करना सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है।

## टिकट मिलने के बाद भीनमाल पहुंचे वैभव गहलोत ने कहा...

# BJP के गढ़ को भेदकर दर्ज करेंगे जीत

बेधड़क | जालौर

जालौर-सिरोही लोकसभा सीट से वैभव गहलोत को टिकट मिलने के बाद वे अपने जालौर सांचौर दौरे से सीधे भीनमाल पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यालय में भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह राठौड़ के कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने वैभव का स्वागत किया।

वैभव ने अपने को इस सीट से लोकसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी आलाकमान एवं जालौर सिरोही के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित



करते हुए कहा कि पिछले 15 सालों से जालौर सिरोही लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है, लेकिन इस बार के चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर निश्चित तौर पर इस सीट पर कांग्रेस की जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चुनावों से चली आ रही इस परिपाटी को तोड़ते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस सीट पर कांग्रेस को जीत दिलाएंगे।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास गौरवशाली रहा है। हमें कांग्रेस की नीतियों और किए गए कार्यों को जनता के बीच ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास में कांग्रेस का योगदान अभूतपूर्व है। वहीं राजस्थान के विकास में भी पूर्व कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

## विधायक व कलेक्टर ने किया आयड़ नदी क्षेत्र का दौरा

# नदी सीमा के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

बेधड़क | उदयपुर

आयड़ नदी सौंदर्यीकरण को लेकर चल रहे कार्यों की प्रगति देखने तथा नदी पेटे में हो रहे अतिक्रमण को चिह्नित करने के लिए किए जा रहे सीमांकन की वस्तुस्थिति जानने के लिए बुधवार को जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने शहर विधायक ताराचंद जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आयड़ नदी क्षेत्र का दौरा किया।

इस दौरान सीमांकन के दायरे में आ रहे कब्जों को हटाने की हिदायत दी। विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर पोसवाल,



नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एसडीएम गिर्वा रिया डाबी, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की टीम ने नदी पेटे में उतर कर पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार किए जा रहे सीमांकन की वस्तुस्थिति देखी। अधिकारियों ने नदी पेटे के दायरे में आ रहे चिह्नित कब्जे का अवलोकन कराया। विधायक जैन ने अतिक्रमणों को जल्द से जल्द हटवाकर नदी का मूल स्वरूप लौटाने की पैरवी की। संयुक्त टीम ने नदी किनारे बसी कॉलोनी में जाकर नदी सीमांकन के चिह्न देखे। इस दौरान लोगों की ओर से अपने मकानों के पट्टे होने की बात कहने पर जिला कलेक्टर ने वैध दस्तावेज दिखाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होने का आश्वासन दिया।

विधायक जैन ने सुभाष नगर रपट के पास नदी के बहाव क्षेत्र में स्थित भवनों के पट्टे निरस्त करने सिफारिश नगर निगम आयुक्त से की। आयुक्त ने नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिला कलेक्टर ने सभी तथ्यों का अध्ययन करते हुए सीमांकन पूर्ण कर जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सौंदर्यीकरण कार्य शुरू

# सैलानियों के लिए अब और भी रोचक होगी 'पक्षियों के संसार' की सैर

बेधड़क | भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में अब पर्यटकों को नए अंदाज में पक्षियों की जानकारी मिलेगी। पर्यटकों की सुहूलियत को देखते हुए यहां सौंदर्यीकरण का कार्यशुरू किया गया। इसके तहत उद्यान के प्रवेश द्वार पर ही पर्यटकों को जंगल और परिंदों का दीदार हो जाएगा।

सौंदर्यीकरण कार्य संभवतः एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा। सौंदर्यीकरण के तहत घना के मुख्य द्वार पर 17-17 फीट ऊंचे दो पेड़ स्थापित किए जाएंगे, जिन पर अलग-अलग तरह के करीब 6-7 पक्षियों को भी सजाया जाएगा। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को प्रवेश से पूर्व ही जंगल का अहसास हो जाएगा। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि घना में सौंदर्यीकरण और इसे नया रूप देने का कार्य शुरू किया गया है। इसके तहत घना के मुख्य द्वार को नया रूप दिया जाएगा। पहले के पत्थर वाले द्वार के अलावा एक और द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसके तहत मुख्य द्वार पर 17-17 फीट ऊंचे दो फाइबर के पेड़ लगाए जाएंगे, जो देखने में पूरी तरह से प्राकृतिक नजर आएंगे। साथ ही इन पेड़ों पर सारस, ब्लैक नेक्ड स्टोर्क, गूज आदि करीब 6-7 तरह के पक्षी बैठाए जाएंगे, जिन्हें देखकर पर्यटकों को असली पेड़ और पक्षियों का अहसास होगा।

■ पर्यटकों को रोचक अंदाज में मिलेगी पक्षियों की जानकारी



### हर ब्लॉक में पक्षियों की जानकारी

डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि घना के हर ब्लॉक और रास्ते पर पक्षियों की जानकारी वाले बोर्ड लगाए जाएंगे। ये इस तरह के होंगे कि ये देखने में जंगल का ही हिस्सा लगेंगे। इन पर पक्षियों का फोटो, उनका घना में प्रवास का समय, कहां से आते हैं आदि जानकारी भी प्रदर्शित की जाएंगी। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को आसानी से जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इसी तरह से उद्यान में जगह-जगह बेंच भी लगाई जाएंगी, जिन पर पर्यटक विश्राम कर सकेंगे।

### उच्च गुणवत्ता के फाइबर का उपयोग

घना में सौंदर्यीकरण का कार्य कर रहे अहमदाबाद के किशोर ने बताया कि मुख्य द्वार और घना के अंदर जो कार्य किए जा रहे हैं वो उच्च गुणवत्ता के फाइबर से किए जा रहे हैं। पेड़, पक्षी, बैंच, साइन बोर्ड आदि सभी फाइबर के होंगे, लेकिन देखने में असली लकड़ी, पत्ती के महसूस होंगे। पेड़ों को मजबूती प्रदान करने के लिए इनके अंदर सीमेंट आदि का काम किया जाएगा। किशोर ने बताया कि फाइबर पर आग, धूप और बरसात का कोई असर नहीं होगा। ये वर्षों तक इसी तरह के नजर आएंगे। इनकी चमक बरकरार रहेगी।



### घना की जैव विविधता

घना अपने 2873 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला जैव विविधता का भंडार है। राजस्थान में पक्षियों की कुल 510 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से अकेले केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में करीब 380 पक्षियों की प्रजातियां चिह्नित की जा चुकी हैं। राजस्थान में रेंगने वाले (सरीसृप) जीवों की करीब 40 प्रजातियां मिलती हैं, जिनमें करीब 25 से 29 प्रजातियां घना में मौजूद हैं। राजस्थान में तितलियों की करीब 125 प्रजातियां मिलती हैं, जिनमें से करीब 80 प्रजाति घना में मिलती हैं। वहीं, राजस्थान में मेंढक की 14 प्रजातियां हैं, जिनमें से 9 प्रजाति घना में हैं। इसी तरह राजस्थान में कछुओं की 10 प्रजातियों में से 8 प्रजाति घना में मिलती हैं।

**RTU की इंजीनियरिंग कॉलेजों की क्यूआईवी सूची:** दूसरे स्थान पर पूर्णिमा कॉलेज तो तीसरे स्थान पर जेईसीआरसी

# लगातार सातवें साल एसकेआईटी बना टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज

**बेधड़क** | जयपुर




राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) से संबद्ध प्रदेश के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में से कोई कॉलेज लगातार सातवें साल भी प्रदेश के टॉप दस कॉलेजों की सूची में स्थान नहीं बना सका।

आरटीयू की ओर से कॉलेजों की रैंकिंग के लिए बुधवार को जारी क्वालिटी इंडेक्स वेल्यू (क्यूआईवी) में एक भी सरकारी कॉलेज शामिल नहीं है। ऐसे में सरकारी कॉलेजो में खाली पड़े फैकल्टी पद, यहां की बदहाल स्थिति एवं लचर मैनेजमेंट की कहानी एक बार फिर सामने आ गई है। जानकारी के अनुसार गेस्ट फैकल्टी के भरोसे काम चला रहे सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर टॉप 10 कॉलेजों की सूची में सभी कॉलेज जयपुर के हैं। इनमें जयपुर से स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) ने 924 अंकों के साथ रैंकिंग में लगातार सातवें साल पहला स्थान प्राप्त किया है।

दूसरे स्थान पर पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने 869 अंक एवं तीसरे स्थान पर जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ रिसर्च सेंटर ने 868 अंको के साथ अपना स्थान बनाया है।

### बड़ी संख्या में सीटें खाली

वर्तमान में प्रदेश में आरटीयू के करीब 90 इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। इसमें अधिकतर सरकारी कॉलेज फैकल्टी की समस्या से जूझ रहे हैं तथा गेस्ट फैकल्टी के भरोसे ही काम चला रहे हैं। इन कॉलेजों की ओर से रैंकिंग के लिए क्यूआईवी के फॉर्म भी तय समय से नहीं भरे गए।

### इन पेरामीटर्स पर मिली है रैंकिंग

क्वालिटी इंडेक्स वेल्यू के अंतर्गत दो दर्जन से अधिक पेरामीटर्स के तहत अंक दिए जाते हैं। इनमें नेक ग्रेड, एनबीए, फैकल्टी-स्टूडेंट रेश्यो, फर्स्ट डिवीजन स्टूडेंट्स की संख्या, इन टाईम डिग्री, स्टूडेंट्स प्लेसमेंट, ऑफर लेटर समेत अन्य कई पेरामीटर्स के आधार पर अंक तय किए जाते हैं।

> “ लगातार सातवें साल इंजीनियरिंग कॉलेजों की रैंकिंग में पहला स्थान मिलना पूरी टीम की मेहनत और स्टूडेंट्स की लगन का नतीजा है। हम इंजीनियरिंग के क्षेत्र मे ग्लोबल पैरामीटर के अनुसार काम कर रहे है।
>
> **जयपाल मील, निदेशक, एसकेआईटी**

## Yuva स्टोरीज




### आईसीएफएआई का दीक्षांत समारोह 17 को

**जयपुर।** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 17 मार्च को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एएस किरण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी के चेयरमेन प्रोफेसर डॉ. आर.पी. कौशिक, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचपी सिंह, , प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्य उपस्थित रहेंगे। यूनिवर्सिटी परिसर में समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। स्टूडेंट्स से लेकर शिक्षक व कर्मचारी सभी समारोह की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस दीक्षांत समारोह में सैकड़ों छात्रों को पीएचडी, एमबीए, एमसीए, बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स), बी.टेक., बीसीए, बी.एससी. (ऑनर्स), बी.ए-एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) और एलएलबी कार्यक्रम की डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण और रजत पदक दिए जाएंगे।




### बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

**जयपुर।** राज्य स्तरीय अंतर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल छात्र एवं कबड्डी छात्राओं के खेल में उपविजेता रही राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की टीम के खिलाड़ियों का बुधवार को सम्मान कया गया। खिलाड़ियों को प्राचार्य विनोद जांगिड़ ने सम्मानित किया। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं के वॉलीबॉल गेम में खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जयपुर की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया और रनरअप रही। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक शाकिर आजाद ने बताया की कबड्डी छात्राओं की राज्य स्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय प्रतियोगिता राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सांगानेर में खेली गई जहां पर खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की छात्राएं कबड्डी में उप विजेता घोषित की गई। खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में वॉलीबॉल के टीम प्रभारी राजेश चेडवाल, कबड्डी की टीम प्रभारी सुनीता मीणा, छात्र क्लब के प्रभारी अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत एवं आरएसी के पूर्व विभागाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### जॉब फेयर में छात्रों को मिले अवसर

**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल ने राजस्थान रोजगार विनिमय कार्यक्रम के सहयोग से एक जॉब फेयर का आयोजन किया। इस मेले में पूरे क्षेत्र के कई कॉलेज शामिल हुए। तकरीबन 400 से अधिक छात्रों को संभावित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने का मौका मिला। इससे नेटवर्किंग और पेशेवर विकास के साथ एक माहौल तैयार हुआ। रोजगार मेले में एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, सोनाटा फाइनेंस, जेनपैक्ट और सीआईआई-एमसीसी सहित कई अन्य व्यवसाय शामिल हुए। विद्यार्थियों को ऑफर लेटर भी दिए गए। यह सहयोगात्मक प्रयास छात्रों को कैरियर उन्नति और उद्योग एकीकरण के लिए सुनहरे अवसरों के साथ सशक्त बनाने के लिए आईआईएस और राजस्थान रोजगार विनिमय कार्यक्रम दोनों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**वीजीयू में ‘पनाश-2024’ का रंगारंग आगाज**

# जोश, उल्लास और टैलेंट के रंगों से निखरा कैम्पस





**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) में बहुप्रतीक्षित वार्षिक महोत्सव ‘पनाश-2024’ का बुधवार को रंगारंग और रोमांचपूर्ण आगाज हुआ। पहले दिन आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपने हुनर व कला प्रदर्शित करने में अपार उत्साह दिखाया। कैंपस का समूचा माहौल उत्सवी रंगों की फिजां में सराबोर नजर आया। मेगा फेस्ट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुंदाचार्य थे। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन एवं रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर डॉ. ललित के पंवार और यूनिवर्सिटी के सीईओ ओंकार बगड़िया सहित अन्य लोग मौजूद थे। विधायक बालमुकंदाचार्य ने एक सशक्त भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान को अहम बताते हुए कहा कि हमारी गौरवशाली संस्कृति, कला और एकता में अनेकता हमें विश्व गुरू बनाती है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विभिन्न प्रांतों के विद्यार्थियों ने जिस तरह बहुरंगी वेशभूषा और अपनी कला संस्कृति को एक मंच पर प्रदर्शित किया है, उसमें यहां एक मिनी भारत की झलक नजर आई। चेयरपर्सन डॉ. ललित के पंवार ने कहा कि वीजीयू पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों के समग्र चारित्रिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सीईओ ओंकार बागरिया ने कहा कि यह महापर्व ज्ञान विज्ञान और कला का अनूठा संगम है। बढ़ती लोकप्रियता के कारण हर साल प्रतियोगियों की संख्या भी बढ़ रही है।

### एथनिक वॉक में दिखाई संस्कृति की झलक

कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन एथनिक वॉक इवेंट के साथ हुई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के विविध पारंपरिक परिधानों का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने देश की सांस्कृतिक विविधता की झलक पेश की और अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं सभी विभागों के शिक्षक सदस्यों ने भी विभिन्न राज्यों की परिधान में एथनिक वॉक में हिस्सा लिया। पहले दिन आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों और स्टाफ ने भी हुनर दिखाया। चार दिन तक चलने वाले महोत्सव के दौरान करीब 50 स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 100 से ज्यादा टीमें और 2000 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।





# ‘प्रवाह -2024’ में चमकी छात्रों की प्रतिभा

**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में बुधवार को बहुप्रतीक्षित वार्षिक तकनीकी और सांस्कृतिक उत्सव ‘प्रवाह-2024’ का उद्घाटन किया गया।

उत्सव की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। एसकेआईटी के चेयरमेन सुरजाराम मील ने स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया। एसकेआईटी के निदेशक-शैक्षणिक प्रो. एसएल सुराना ने वार्षिक उत्सव प्रवाह-2024 का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा साइबर अपराध रविप्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि छात्र जीवन में पाठ्येत्तर गतिविधियों के अतिरिक्त मानवीय मूल्यों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। छात्रों को शिक्षा के साथ सामाजिक कल्याण के लिए भी सजग रहना चाहिए। अंत में प्राचार्य प्रो. रमेश कुमार पचार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्टूडेंट्स ने सुरों से बांधा समां

इस उत्सव के दौरान साहित्यिक, तकनीकी, गैर-तकनीकी, सांस्कृतिक और सामाजिक कौशल से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं । उत्सव के पहले दिन की संगीतमय शुरुआत सुर-गायन समारोह के साथ हुई, जिसमें विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागी विद्यार्थियों ने सुरों से समां बांध दिया। पहले दिन का मुख्य आकर्षण स्टार्टअप एक्स्पो भी रहा, जिसका उद्देश्य उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग के विशेषज्ञों को एक साथ लाना था, ताकि नवीन और आशाजनक स्टार्टअप प्रदर्शित किए जा सकें। रंगारंग कार्यक्रमों से सजे पहले दिन में यूथ टॉक, नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन, ट्रेजर हंट, म्यूजिकल चेयर समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ।

## ट्यूलिप ने जीता स्वर्ण पदक



**जयपुर।** ओडिशा के कटक शहर में आयोजित 18+ खेलो इंडिया ताइक्वांडो नेशनल वीमेंस लीग में जयपुर की ट्यूलिप ओझा ने स्वर्ण पदक जीता है। ट्यूलिप ने हाल ही विद्यालय स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता एसजीएफआई के अंडर-19 वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता था। ट्यूलिप फिलहाल लखनऊ में साई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षु हैं। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

**पहल** | **एनी बेसेंट छात्रावास में पंच प्रण का उद्घाटन**

# एकता के साथ गुलामी के अवशेषों को हटाने में जुटें छात्राएं

**बेधड़क** | जयपुर



महारानी कॉलेज के एनी बेसेंट हॉस्टल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत काल के पंच प्रण का उद्घाटन बुधवार को किया गया। भाजपा नेता अविनाश राय खन्ना और सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने पंच प्रण का उद्घाटन किया। हॉस्टल वॉर्डन डेजी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इन पांच प्रणों के माध्यम से छात्राएं विकसित भारत के एंबेसडर बनेगी और देश के निर्माण में अपना योगदान देंगी। पंच प्रण की शिलान्यास पट्टिका का उद्घाटन करने के पश्चात अविनाश राय खन्ना और गोपाल शर्मा ने छात्राओं से संवाद किया। अविनाश राय खन्ना ने अपने संबोधन में छात्राओं से इन पंच प्रणों का अपने मन और आत्मा से पालन करने को कहा ताकि आजादी के अमृत काल का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को याद रखने और उसकी कद्र करने से निश्चित रूप से विकसित भारत का सपना साकार होगा। यदि हम एकता के साथ गुलामी के सभी अवशेषों को हटाने का निर्णय लेते हैं तो हम सच्चे अर्थों में अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करेंगे। अविनाश खन्ना ने दूरदराज के इलाके में अपने कॉलेज के अनुभव को साझा किया जहां छात्राएं वृद्ध लोगों की सेवा में दिन का एक घंटा देती हैं। यह मानवता की सच्ची सेवा है, जिससे वे अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ते हैं। उन्होंने एनएसएस छात्रों से अपने कार्यक्रम में इसका पालन करने को कहा।

### छात्राएं बनें पंच प्रण की राजदूत

सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा ने इस अभिनव कार्यक्रम के आयोजन के लिए वार्डन डेजी शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए इन पंच प्रणों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से अमृत काल साकार होगा। इसलिए उन्हें इन पंच प्रणों का राजदूत बनने की आवश्यकता है। गोपाल शर्मा ने गार्गी, मैत्री, पन्ना धाय और महारानी गायत्री देवी के उदाहरण साझा किए जो हमारी संस्कृति की वास्तविक प्रतीक हैं। उन्होंने छात्राओं से उनके पदचिन्हों पर चलने और राष्ट्रहित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को आग्रह किया।

# रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून



अर्चना त्यागी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

## "जिसे अब तक न समझे... वो कहानी हूं मैं, मुझे व्यर्थ ना बहाओ... पानी हूं मैं।"



*"हमारा शरीर जल में घुलित अवस्था में ही खाद्य पदार्थों को पचाता है। कपड़े धोने, बर्तन धोने और सफाई आदि अन्य कार्य जल के बिना नहीं किए जा सकते। इसीलिए जल का संचय एवम् प्रबंधन दोनों महत्वपूर्ण हैं। जिन स्थानों पर प्राकृतिक रूप से जल की कमी है वहां यह और भी महत्वूर्ण हो जाता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की कमी एक बड़ी समस्या होगी।"*

बारिश की एक बूंद जब धरती पर गिरती है तो तपिश मिटा देती है। रिमझिम बरसते पानी से मन को जो खुशी मिलती है वो शब्दों में बयां नहीं की का सकती। सालों से कवि इं बारिश की बूंदों पर कविता लिखते आ रहे हैं और आने वाले समय में भी लिखते रहेंगे। बारिश होती है तो मोर नाचता है। जो खुशी के साथ साथ संपन्नता का भी प्रतीक है। दूसरे नजरिए से देखें तो जल से संपन्नता जुड़ी हुई है। पानी बहुत आम सा पदार्थ है। अक्सर उसके बारे में सोचना हम जरूरी नहीं समझते। पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश। हमारा शरीर इन पांच तत्वों से मिलकर बना है। कोई एक भी तत्व नहीं हो तो जीवन संभव नहीं है। जल और जीवन तो सीधे एक दूसरे से जुड़े हैं। पृथ्वी अकेला ऐसा गृह है जिस पर जल और जीवन दोनों उपस्थित हैं। अर्थात जल है तो जीवन है। वर्षा के रूप में पृथ्वी के उपर आने वाले जल को संरक्षित करके बहुत प्रकार से उपयोग में लाया जा सकता है। छोटे बड़े पोखर या तालाब बनाकर जल को एकत्रित किया जा सकता है। जिससे भविष्य में विभिन्न कामों में उपयोग में लाया जा सके। गैर मानसून महीनों में होने वाली वर्षा के जल को भूमिगत बांध बनाकर ना सिर्फ इकट्ठा किया जा सकता है बल्कि बर्बाद होने से भी बचाया जा सकता है। यही जल नाली और सीवर में बहकर बेकार चला जाता है। नालियां यदि नदी से मिलती हों तो नदी का जल भी गंदा हो जाता है। यह जल प्रदूषण का एक मुख्य कारण है। बेहतर है कि वर्षा का जल एकत्रित कर लिया जाए। क्योंकि - ***"पानी की रक्षा है देश की सुरक्षा।"***

हमारे दैनिक जीवन से जुड़े सभी कामों में जल का उपयोग आवश्यक है। जल के बिना खेती करना संभव नहीं है। सभी जीवित प्राणियों को पेयजल की उपलब्धता आवश्यक है। हमारा शरीर जल में घुलित अवस्था में ही खाद्य पदार्थों को पचाता है। कपड़े धोने, बर्तन धोने और सफाई आदि अन्य कार्य जल के बिना नहीं किए जा सकते। इसीलिए जल का संचय एवम् प्रबंधन दोनों महत्वपूर्ण हैं। जिन स्थानों पर प्राकृतिक रूप से जल की कमी है वहां यह और भी महत्वूर्ण हो जाता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की कमी एक बड़ी समस्या है। हमारे लिए इसका प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकतानुसार जल की आपूर्ति करवाना ही जल आवंटन का प्रमुख उद्देश्य है। समुचित आवंटन में स्थानीय निकाय जैसे नगर निगम, मुख्य भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से शहरों में बढ़ती आबादी के अनुसार जल की मात्रा का आवंटन इन निकायों के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। इसलिए घरों में रहने वाले व्यक्ति भी उतने ही महत्वूर्ण हो जाते हैं। उनकी भागीदारी समान रूप से देखी जाने की आवश्यकता है। नगर निगम या किसी दूसरे निकाय से प्राप्त जल को केवल जरूरी कामों में उपयोग में लाया जाए। व्यर्थ नहीं बहाया जाए।

यदि प्रयुक्त जल दोबारा उपयोग में लाया जा सके तो अवश्य ही लेना चाहिए। जैसे सब्जी, फल आदि धोने के उपरांत बचे जल को घर में लगे पेड़ पौधों के लिए उपयोग किया जा सकता है। कपड़े धोकर बचा जल सफाई के काम में लाया जा सकता है। जल की कमी में कुछ क्षेत्रों में नालियों के पानी का उपयोग भी सब्जियां उगाने में किया जाता है। परन्तु उस जल को उपयोग करने से पूर्व शुद्ध करना चाहिए। पीने का पानी भी शुद्ध होना चाहिए। संरक्षित वर्षा जल को शुद्ध करना उतना मुश्किल नहीं होता जितना कि झीलों, कुओं, जलाशयों, नदियों और समुद्र के जल को।

जल प्रबंधन हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है। रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करता है। परन्तु अक्सर हम इसके महत्व को न समझते हुए अवहेलना करते हैं। अक्सर जो वस्तु हमारे बहुत उपयोग में आती है वह अपना महत्व खो देती है। इस भौतिकतावादी युग में हम वर्तमान की समस्याओं में इतना उलझ गए हैं कि बीते हुए समय से सीख नहीं ले पाते और आने वाले समय की समस्याओं के लिए तैयार नहीं होते। यही कारण है कि समस्या जस की तस बनी रहती है। कोई सुधार होता नज़र नहीं आता। वर्तमान में जीना प्रशंशा के योग्य है। परन्तु भविष्य की जटिलताओं का निवारण खोजना अनुकरणीय है। समस्या कितनी भी जटिल हो, जन जागरूकता के बिना उसका समाधान संभव नहीं है। जल संरक्षण एवम् प्रबंधन भी तभी प्रारूप ले पाएगा जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी अपनी दिनचर्या में इस प्रक्रिया को अपनाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**संदर्भः नागरिकता संशोधन कानून अधिसूचित हुआ**

# पीड़ितों को नागरिकता देने का बना कानून



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

*"दरअसल, इन गैर-मुस्लिमों का भारत के अलावा कोई दूसरा ठिकाना इसलिए नहीं था, क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान भी कट्टर इस्लामिक देश बन गया था। 1955 तक ही करीब 45 लाख हिंदू और सिख भागकर भारत आ गए थे। इनको ही दृष्टिगत रखते हुए नागरिकता निर्धारण विधेयक 1955 बनाया गया था। 1971 में जब पाकिस्तान से अलग होकर नया बांग्लादेश बना तो इस दौरान हिंदू समेत अन्य गैर-मुस्लिमों पर विकट अत्याचार हुए।"*

आखिरकार लंबी चली जद्दोजहद के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के नियम अधिसूचित कर दिए हैं। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले इस कानून को अमल में लाना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा भी माना जा सकता है। हालांकि इसे लागू करने में देरी हुई है, क्योंकि ये विधेयक दोनों सदनों से पांच साल पहले ही पारित हो चुका है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस कानून का इसलिए दुष्प्रचार करते रहे हैं कि इससे मुसलमानों की नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। जबकि इसमें देश के किसी भी धर्म से जुड़े नागरिक की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, हां घुसपैठियों को जरूर नागरिकता सिद्ध नहीं होने पर बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। संसद और उसके बाहर ऐसे अनेक बौद्धिक आलोचक थे, जो यह प्रमाणित करने में लगे थे कि यह कानून 'आइडिया ऑफ इंडिया' अर्थात संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। लेकिन यह संदेह जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370 और 35-ए की तरह ही संवैधानिक है।

इस कानून का मुख्य लक्ष्य धार्मिक आधार पर प्रताड़ित वह हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जिन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से पलायन को मजबूर होना पड़ा है। भारत में आकर शरणार्थी जीवन जी रहे इन समुदायों के लोगों को अब देश की नागरिकता मिलना आसान हो जाएगी। नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन भी ऑनलाइन जारी कर दिया है। इसे शरणार्थी जरूरी दस्तावेजों के साथ भरकर नागरिकता की मांग कर सकते है। आवेदन करने वालों को 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश का वीजा और अप्रवासी होने के प्रमाण देने होंगे। धारा 5 के अंतर्गत अप्रवासी मुस्लिम या कोई भी विदेशी नागरिक आवेदन कर सकते हैं। पहले भी इन तीनों देशों के मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दी जा चुकी है। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। जाहिर है, यह कानून किसी धर्म या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव से नहीं जुड़ा है। साफ है, यह कानून किसी की नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून हैं। यह




विधेयक मूल रूप में 1955 के नागरिकता विधेयक में ही कुछ परिवर्तन करके अस्तित्व में लाया गया है। 1955 में यह कानून देश में दुखद विभाजन के कारण बनाया गया था। इस समय बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग पाकिस्तान से भारत आए थे। इनमें हिंदू, सिख. जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई थे। कुछ लोग भारत से पाकिस्तान भी गए थे। इस आवागमन में सांप्रदायिक दंगे भी हुए, जिनमें ज्यादातर सहिष्णु हिंदू मारे गए थे। बावजूद भारत ने धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश बनाने का निर्णय लिया। लेकिन पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक राष्ट्र घोषित कर दिया। पाक के संस्थापक और बंटवारे के दोषी मोहम्मद अली जिन्ना के प्रजातांत्रिक सिद्धांत तत्काल नेस्तनाबूद कर दिए गए। 1948 में जिन्ना की मौत के बाद पाकिस्तान पूरी तरह कट्टर मुस्लिम राष्ट्र में बदलता चला गया। नतीजतन जो भी गैर-मुस्लिम समुदाय थे, उन्हें प्रताड़ित करने के साथ उनकी स्त्रियों के साथ दुराचार व धर्म परिवर्तन का सिलसिला तेज हो गया। ऐसे में ये पलायन कर भारत आने लगे। दरअसल इन गैर-मुस्लिमों का भारत के अलावा कोई दूसरा ठिकाना इसलिए नहीं था, क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान भी कट्टर इस्लामिक देश बन गया था। 1955 तक ही करीब 45 लाख हिंदू और सिख भागकर भारत आ गए थे। इनको ही दृष्टिगत रखते हुए नागरिकता निर्धारण विधेयक 1955 बनाया गया था।

1971 में जब पाकिस्तान से अलग होकर नया बांग्लादेश बना तो इस दौरान हिंदू समेत अन्य गैर-मुस्लिमों पर विकट अत्याचार हुए। फलतः इनके पलायन और धर्मस्थलों को तोड़ने का सिलसिला और तेज हो गया। नतीजतन बड़ी संख्या में हिंदुओं के साथ बांग्लादेशी एवं पाकिस्तानी मुस्लिम भी बेहतर भविष्य के लिए भारत चले आए। जबकि वे धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं थे। ये घुसपैठिए बनाम शरणार्थी पूर्वोत्तर के सातों राज्यों समेत पश्चिम बंगाल में भी घुसे चले आए। इनकी संख्या तीन करोड़ तक बताई जाती है। शरणार्थियों की तो सूची है, लेकिन घुसपैठिए केवल अनुमान के आधार पर हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों की सूची तो मात्र 1 लाख 16 हजार लोगों की हैं, बांकी घुसपैठिए हैं।

दरअसल मुस्लिम घुसपैठियों को बाहर करने की बात इनकी भारत में दस्तक शुरू होने के साथ ही हो गई थी। 26 सितंबर 1947 को एक प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी ने कहा था कि पाकिस्तान में जो हिंदू एवं सिख प्रताड़ित किए जा रहे हैं, उनकी मदद हम करेंगे। 1985 में केंद्र में जब राजीव गांधी की सरकार थी, तब असम में घुसपैठिओं के विरुद्ध जबरदस्त प्रदर्शन हुए थे। नतीजतन राजीव गांधी और आंदोलनकारियों के बीच एक समझौता हुआ, जिसमें घुसपैठियों को क्रमबद्ध खदेड़ने की शर्त रखी गई। लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए सदन में कहा था कि यदि पाकिस्तान व बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं और वे पलायन को मजबूर हुए हैं, तो उन्हें भारतीय नागरिकता दी जानी चाहिए। किंतु मनमोहन सिंह ने लगातार दस साल प्रधानमंत्री बने रहने के बावजूद इस दिशा में कोई स्थाई कानूनी पहल नहीं की। जबकि, असम में इस दौरान कांग्रेस की सरकार थी और मनमोहन सिंह यहीं से राज्यसभा सदस्य थे। यदि नेहरु और लियाकत अली के बीच हुए समझौते का पालन पाक ने किया होता तो भारत को इस विधेयक को न तो 1955 में बनाने की जरूरत पड़ती और न ही इसमें अब संशोधन किया गया होता।

दरअसल पाक, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ऐसे मुस्लिम बहुल देश हैं, जिनमें गैर-मुस्लिम नागरिकों पर अत्याचार और स्त्रियों के साथ दुश्कर्म किए जाते हैं। चूंकि ये देश एक समय अखंड भारत का हिस्सा थे, इसलिए इन तीनों देशों में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी बड़ी संख्या में रहते थे। 1947 में जब भारत से अलग होकर पाकिस्तान नया देश बना था, तब वहां 20 से 22 प्रतिशत गैर-मुस्लिमों की आबादी थी, जो अब घटकर दो प्रतिशत रह गई है। अफगानिस्तान में 2 लाख हिंदू और सिख थे। जो निरंतर प्रताड़ना के चलते महज 500 रह गए हैं। पाक ने दोगली मंशा के चलते बंटवारे के समय दलित हिंदुओं को केवल इसलिए रोक कर रखा, जिससे वे वहां गंदगी और मल-मूत्र साफ करते रहें। इन्हें आज भी न तो वोट का अधिकार प्राप्त है और न ही ये वहां चल रही लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले पाते हैं।

इसलिए इस ऐतिहासिक कानून के वजूद में आने के बाद न तो भारत की पंथ या धर्मरिपेक्षता प्रभावित होती है और न ही उसके उदार व सहिश्णु चरित्र को हानि पहुंचती है। क्योंकि भारत ने तो उदार सहिश्णुता दर्शाते हुए उन लोगों को नागरिकता का अधिकार देने के कानूनी उपाय किए हैं, जिन्हें धर्म के आधार पर इस्लामिक देशों ने प्रताड़ित किया। बहरहाल यह कानून मानवीयता के सारोकारों से जुड़ा अहम कानून है, जिसे दुनिया को एक मिसाल के रूप में देखना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# चाय में मौजूद हैं संभावनाएं



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

सर्दियों में चाय की चुस्कियों के अपने आनंद हैं। आनंद इसलिए कि आजकल सर्दी भी इतनी पड़ती है कि चाय के बिना जीवन व्यर्थ सा लगता है। अजी! चाय पीने से सर्दी नहीं लगती न। खैर, जब बात चाय की चल ही पड़ी है तो बता दूं कि चाय वर्तमान सदी का अमृत है। लेकिन चाय को लेकर आज बड़ी समस्या है। कभी घर से बाहर चाय पीते हैं तो दिल को सुकून और सब्र नहीं मिलता। वो इसलिए कि आजकल बाजार में चाय के डिस्पोजेबल कप्स लगातार छोटे होते जा रहे हैं। पहले स्टील के गिलास और कटोरियों में चाय सुड़कते थे लेकिन अब लगता है कि स्टील के गिलास और कटोरियां इन डिस्पोजेबल कप्स के बाप नहीं बल्कि 'दादाजी' हैं। आजकल जो नन्हें नन्हें पिद्दी किस्म के जो डिस्पोजेबल कप्स (चाय के) बाजार में मिलते हैं, उनको देखकर कभी कभी तो हमें यह लगता है कि कहीं एक दिन चाय के कैप्सूल न मिलने लग जाएं।

खैर,भरी गर्मी में भी रेलवे प्लेटफॉर्म और बस स्टैंड पर भले ही यात्री पानी के लिए चिल्लाएं, मिलती उन्हें चाय ही है। बात चाहे जो भी हो, चाय हमारी अक्ल की बत्तियां खोलती है। हमारे खासमखास रामलुभाया जी टीचर हैं। हमने एक दिन उनसे बातों ही बातों में पूछ लिया- 'भैय्या जी ! ये टीचर का मतलब क्या होता है?' तो रामलुभाया जी ने हमें बताया कि टीचर का मतलब होता है 'टी' (चाय) धन 'चर'(चरने वाला)। यानी कि टीचर वह है जो 'टी(चाय) को चरकर बच्चों को पढ़ाए।' रामलुभाया जी का उत्तर सुनकर हम हंस पड़े। बाद में हमें पता चला कि रामलुभाया जी स्वयं चाय के बड़े शौकीन थे और उन्होंने अपने चाय के शौक के चलते 'टीचर' शब्द तक को चाय से जोड़ दिया था। वैसे चाय के दीवानों की इस देश दुनिया में कमी नहीं है। सरकारी दफ्तरों में चाय की बड़ी वैल्यू है। चाय बिगड़े काम बनाने की क्षमता रखती है। तोताराम जी कहते हैं कि यदि कोई सरकारी बाबू चाय न पीए तो समझो कि वह आदमी किसी काम का नहीं है। वैसे चाय नहीं पीने वालों को दुनिया नितांत खूंसट और असामाजिक ही समझती है। चाय के दीवाने यहां तक बोल देते हैं कि 'यार ! उसने तो हमें चाय तक नहीं पिलाई।' चाय से मुहब्बत करने वाले को आप बर्गर, पिज्जा,केक,मिठाई या महंगी से महंगी डिस खिला दीजिए, लेकिन यदि आपने उसे चाय नहीं पिलाई तो वह आपको किसी काम का आदमी नहीं समझेगा। सच तो यह है कि चाय सिर्फ आज हमारी संस्कृति का एक अहम् हिस्सा हो गई है।

वैसे यह लेखक भी चाय का बड़ा दीवाना है। यह लेखक अपने पाठकों से यहां कहना चाहता है कि 'आप सभी हमसे चाय जैसी मोहब्बत तो करो, हम बिस्कुट की तरह ना डूब जाए तो कहना।' वैसे, हमारी बातों में बिल्कुल भी नहीं बहना और हमारे बारे में सच सच ही कहना। हम तो अन्य लेखकों की भांति अपने पाठकों में संभावनाएं ढ़ूढ़ते हैं। जहां तक संभावनाओं की बात है तो हम आपको यह बता दें कि अजी चाय ऐसा पेय है जिसमें अनेकानेक लोग संभावनाओं पर संभावनाएं ढूंढ़ते हैं। मसलन राजनैतिक संभावनाएं, व्यापारिक संभावनाएं, वैवाहिक संभावनाएं, सामाजिक संभावनाएं, आपसी कटुता और वैर-भाव को समाप्त करने के साथ साथ और भी न जाने क्या क्या संभावनाएं चाय में मौजूद दिखती हैं।

मुझ जैसे लेखक भी चाय पीकर ही ऐसे व्यंग्य लिख रहे हैं और व्यंग्य के क्षेत्र में संभावनाएं ढ़ूढ़ रहे हैं। सर्दी बहुत है और अब हम एकाध कप चाय और चरते हैं और एक और व्यंग्य लिखते हैं। जय राम जी की। गुस्ताख़ी माफ।

**X**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
शानदार खुशखबरी...।।। सरिस्का टाइगर रिजर्व्स के तालवृक्ष रेंज में बाघिन एसटी 12 को 3 नए शावकों के साथ कैमरे में कैद किया गया है, जिसके साथ अब सरिस्का में 25 वयस्क बाघ और 8 शावक की कुल संख्या है। अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रकृति के अद्वितीय विरासत, बाघों का होना अत्यंत आवश्यक है। शक्ति, खूबसूरती व सामर्थ्य के प्रतीक, 'राष्ट्रीय पशु' बाघ के संरक्षण-संवर्धन हेतु हमारी सरकार संकल्पबद्ध है।

**नॉलेज कॉर्नर: दो हजार साल पहले चीन में की गई इसकी खेती**

# आखिर चीन से पाकिस्तान कैसे पहुंचा अमर फल

पाकिस्तान के बाजार में टमाटर जैसा दिखने वाला एक फल मिल रहा है। जो बिल्कुल टमाटर जैसा दिखता है, लेकिन वो सब्जी नहीं फल है। बता दें कि टमाटर जैसे दिखने वाले इस फलफब, कोफ जापानी फल या अमरफल कहते हैं। ये फल कई मायनों में बहुत फायदेमंद है। डॉक्टरों का कहना है कि इसह जापानी फल में फाइबर, विटामिन A, विटामिन C, विटामिन B कॉम्प्लेक्स और मिनरल्स खूब होते हैं। इसे खाने से शरीर को कई न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। यह फल हर उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी है। आज के नॉलेज कॉर्नर में अधिक जानते हैं इस बारे में...

### कैसा दिखता है जापानी फल?

पाकिस्तान में पाए जाने वाले इस जापानी फल का रंग हल्का, गहरा नारंगी और लाल रंग है। जो बिल्कुल टमाटर जैसा दिखता है। इस फल का सीजन अक्टूबर से फरवरी तक होता है। बता दें कि कुछ इलाकों में इसे अमलुक तो कहीं रामफल भी कहते हैं। जानकारी के मुताबिक करीब 2 हजार साल पहले पहली बार चीन में इसकी खेती गई थी, जिसके बाद 7वीं शताब्दी में यह जापान और 14वीं शताब्दी में कोरिया पहुंचा था। बता दें कि आज भारत में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर में भी इस फल के पौधे बड़ी संख्या में लगाए जा रहे है।



### कई विटामिन

जापानी फल में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, फैट, विटामिन A, B, C, K, E, विटामिन B6, पोटैशियम, कॉपर और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पाया जाता है। इतना ही नहीं एक जापानी फल में एक नींबू से ज्यादा विटामिन C होता है। वहीं विटामिन B1, विटामिन B2, फोलेट, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस के साथ फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बता दें कि कम कैलोरी वाला फ्रूट होने की वजह से इसे वजन घटाने में अच्छा माना जाता है।

### कैंसर के उपचार में बेहद कारगर

*इस फल में कैरोटेनॉयड्स, फ्लैवोनॉयड्स और विटामिन E होता है, जो कैंसर से लड़ने में मदद करता है। एक जापानी फल में एल एस्कोर्बिक एसिड 20% होता है जो कैंसर को बढ़ने से रोकता है। रिसर्च में बताया गया है कि इस फल में मौजूद बीटा कैरोटीन से कई तरह के कैंसर ठीक होते हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा कदम: उत्तराखंड समान नागरिक संहिता बिल को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी, बना कानून

# जल्द होगा लागू , नियम बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित

**एजेंसी** | नई दिल्ली/देहरादून

उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब इस विधेयक ने कानून का रूप ले लिया है।

इसके साथ ही उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने इसके लिए नियमों-उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। नियमावली बनने के बाद इसे पूरे राज्य में व्यावहारिक रूप से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। ज्ञात रहे कि राम मंदिर निर्माण और सीएए कानून लागू होने के बाद समान नागरिक संहिता को लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी का बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। पार्टी को इसका चुनावी लाभ मिल सकता है।



### कमेटी में ये लोग होंगे शामिल, नियम उप-नियम बनाने का काम करेंगे शुरू

पांच सदस्यों वाली कमेटी में पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौर, दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं। यह कमेटी जल्द ही एक मीटिंग कर यूसीसी कानून लागू करने के लिए आवश्यक नियम-उप नियम बनाने का काम शुरू करेगी।

### यूसीसी से बदलेगी महिलाओं की स्थिति

सीएम धामी नेकहा है कि निश्चित तौर पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने में यूसीसी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### समवर्ती सूची में शामिल है यूसीसी

ज्ञात रहे कि उत्तराखंड विधानसभा ने इसे कुछ दिनों पहले ही विधेयक को पारित किया था। विपक्ष ने इस दौरान बर्हिगमन कर अपना विरोध जताया था, लेकिन विपक्ष की चिंताओं को दरकिनार करते हुए भाजपा सरकार ने उत्तराखंड सामान नागरिक संहिता कानून लागू करने के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई थी। चूंकि, समान नागरिक संहिता समवर्ती सूची का विषय है, इस विषय पर राज्य और केंद्र दोनों ही कानून बना सकते हैं। लेकिन समान मुद्दे पर कानून होने पर केंद्र का कानून प्रभावी माना जाता है। इसीलिए इस बिल को उत्तराखंड विधानसभा से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा गया था। अब राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन गया है।

---

## निरुपम-चव्हाण मुलाकात से गरमाई सियासत





**मुंबई**। लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम की भाजपा के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण से मुंबई में मुलाकात पर सियासत गरमा गई है। निरुपम के भाजपा में जाने के कयास शुरू हो गए हैं। शिवसेना नेता ने इस मुलाकात पर तंज कसा है। चव्हाण ने हाल ही कांग्रेस को झटका देते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। कांग्रेस से लोकसभा का टिकट मांग रहे निरुपम ने मंगलवार की रात दक्षिण मुंबई में अशोक चव्हाण से उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि यह किसी राजनीतिक दृष्टिकोण पर बैठक नहीं थी।

## एनडीए सरकार ने बैंक खाते किए फ्रीज: खरगे

**बेंगलुरु**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को बताया कि पार्टी धन की कमी का सामना कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन बैंक खातों में लोगों द्वारा दान दिया गया पैसा रखा गया था, उसे भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने फ्रीज कर दिया है। खरगे ने कहा कि कर विभाग ने पार्टी पर भारी जुर्माना भी लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए खरगे ने लोगों से एकजुट होकर खड़े रहने की अपील की है। उन्होंने देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा भी किया है। खरगे ने कहा कि चुनाव में सभी को बराबर मौका मिलना चाहिए। खरगे ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह हमारी पार्टी का पैसा था, जो लोगों ने हमें दान के तौर पर दिया था। हमारे पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है। जबकि, वे चुनावी बॉन्ड का खुलासा नहीं कर रहे हैं।

## कांग्रेस का बड़ा चुनावी दांव: जारी की नारी न्याय गारंटी...किए वादे

# आधी आबादी को 50% नौकरी गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपए

■ कांग्रेस जो वादे करती है, उनको निभाती है, यही है पार्टी का रिकॉर्ड

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने महिलाओं के लिए विधायिका में आरक्षण को लेकर भाजपा के चुनावी एजेंडे की धार कुंद करने के लिए बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने बुधवार को इसके लिए नारी न्याय गारंटी का ऐलान किया। इसके तहत महिलाओं के लिए पांच गारंटी का वादा किया गया है। पार्टी सत्ता में आने पर ये गारंटी लागू करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को 'नारी न्याय' की गारंटी जारी की।

इसके तहत 5 घोषणाएं की गई हैं, जिसमें महालक्ष्मी गारंटी, आधी आबादी- पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री, सावित्री बाई फुले छात्रावास शामिल हैं।

कांग्रेस की इन गारंटी के तहत गरीब परिवार की हर एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। खरगे ने 'नारी न्याय' गारंटी जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इससे पहले सहभागी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय का भी ऐलान कर चुकी हैं। यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमारी गारंटी खोखले वादे और बयान नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं उस पर कायम रहते हैं। 1926 से लेकर अब तक हमारा रिकॉर्ड है , जब हमारे विरोधी पैदा भी नहीं हुए थे, तब से हम घोषणापत्र बनाते रहे हैं और उन घोषणाओं को पूरा करते रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने लोगों से कांग्रेस के लिए आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस लड़ाई में हमारा हाथ मजबूत करें।



### पिछले दस सालों में महिलाओं को कुछ नहीं मिला

खरगे ने कहा कि महिला हमारे देश की आधी आबादी है, लेकिन उन्हें पिछले 10 सालों में कुछ नहीं मिला। काम सिर्फ इतना हुआ है कि उनके नाम पर राजनीति और उनसे वोट लेना। कांग्रेस 'नारी न्याय गारंटी' के जरिए देश में महिलाओं के लिए नया एजेंडा तय करने जा रही है।

### ये हैं गारंटी... कांग्रेस सत्ता में आई तो करेगी ये काम

- **1-महालक्ष्मी गारंटी**

*गरीब परिवार की हर एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।*

- **2-आधी आबादी, पूरा हक**

*केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।*

- **3-शक्ति का सम्मान**

*आशा, आंगनवाड़ी और मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा।*

- **4-अधिकार मैत्री**

*अधिकार मैती के तहत सभी पंचायत में एक अधिकार मैत्री नियुक्त करेंगे। ये मैत्री गांव की महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देगी और इन अधिकारों को लागू करने में मदद करेंगी। इससे गांवों में महिलाओं में अपने कानून अधिकार के प्रति जागरुकता फैलेगी।*

- **5-सावित्री बाई फुले हॉस्टल**

*केंद्र सरकार देश में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी करेगी, प्रत्येक जिले में कम से कम एक हॉस्टल होगा।*

## हुड्डा का प्रहार: हम सरकार बदल देंगे...

# हरियाणा: नायब सिंह ने पास की विश्वास मत की परीक्षा





**एजेंसी** | विस्तार

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने सदन में बहुमत हासिल कर लिया है। बुधवार को सदन में पेश प्रस्ताव प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। सुबह ठीक 11 बजे सीएम नायब सिंह सदन में पहुंचे और विश्वास प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। स्पीकर ने सदन में को विश्वास मत पर चर्चा के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष के लिए एक-एक घंटा का समय तय किया था। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष की तरफ से पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने शायराना अंदाज में कहा कि मालूम था सबको एक दिन यार बदलेंगे, नाटक वही रहेगा पर किरदार बदलेंगे।

हुड्डा ने कहा कि तुम सीएम बदलते रहना हम सरकार बदलेंगे। हुड्डा ने कहा कि ये स्वार्थ का गठबंधन था। विपक्ष की ओर से चर्चा में कांग्रेस विधायक रघुबीर कादियान, विधायक राव दान सिंह ने भी भाग लिया। राव दान सिंह ने कहा कि क्या इमरजेंसी थी कि अचानक विश्वास मत हासिल करने की जरूरत पड़ी। 11 मार्च को पीएम पूर्व मुख्यमंत्री की तारीफों के पुल बांधते हैं और रातोंरात पूरा दृश्य बदल जाता है। मुझे लगता है कि इस सरकार में कुछ न कुछ कमियां जरूर रही होंगी, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा। चर्चा के जवाब में सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि वे बतौर सीएम सदन में आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं मनोहर लाल खट्टर की देखरेख में पला बढ़ा हूं।

मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। दोपहर लगभग सवा दो बजे स्पीकर ने प्रस्ताव के पक्ष में हां और न बुलवाए।

इसके बाद ध्वनिमत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया गया। हालांकि पूर्व सीएम हुड्डा ने वोटिंग की मांग उठाई लेकिन स्पीकर ने इसे नहीं माना।

## शिंदे कैबिनेट का अहम फैसला: बदलेंगे कई नाम

# अहमदनगर होगा अहिल्यादेवी नगर

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा से पूर्व महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार धड़ाधड़ अहम फैसले करने में लगी है।

गत तीन दिनों में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। एक अहम निर्णय के तहत राज्य मंत्रिमंडल ने अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्यादेवी नगर रखने का फैसला किया है। इसके अलावा मुंबई शहर के आठ उपनगरीय रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश काल के नामों को बदलने को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। रेलवे स्टेशनों के नए नाम केंद्र सरकार की अंतिम मंजूरी के बाद लागू होंगे। इससे पहले सरकार ने औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव कर दिया था।



### लोकसभा चुनाव से पहले प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन सरकार ने कई सालों से रुकी हुई परियोजनाओं और प्रस्तावों को शुरू करने का प्रयास किया है। अब इसमें मुंबई रेलवे स्टेशनों का नाम बदलना भी जुड़ गया है। सांसद राहुल शेवाले ने सेंट्रल, हार्बर और वेस्टर्न रेलवे के स्टेशनों के ब्रिटिश नामों को बदलकर स्थानीय पहचान वाले मराठी नामों के संबंध में मुख्यमंत्री से पत्र-व्यवहार किया था।

## सीएए का विरोध... मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा

# पश्चिम बंगाल में नहीं बनेगा डिटेंशन कैंप

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार प्रदेश में एक भी डिटेंशन कैंप बनाने की इजाजत नहीं देगी। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि वे इस कानून का मुखरता से विरोध कर रह हैं।ममता बनर्जी ने सिलिगुड़ी में मीडिया के सामने कहा, हमें जो भी कहना है जनता से कहेंगे। भाजपा कहती है कि हमें 400 सीटें मिलेंगी, लेकिन तृणमूल सब कुछ जनता पर छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि जनता जिसे भी वोट देगी हम जनादेश स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि असम की तर्ज पर वे बंगाल में डिटेंशन कैंप बनवाना नहीं चाहतीं। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा सीएए का इस्तेमाल राजनीतिक हथकंडे के रूप में कर रही है।



### भाई के बयान पर भी भड़कीं, तोड़ा रिश्ता

ममता बनर्जी ने अपने भाई बाबुन बनर्जी से सभी रिश्ते खत्म करने की घोषणा की है। बाबुन ने हावड़ा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव में प्रसून बनर्जी को प्रत्याशी बनाए जाने पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा, हर बार चुनाव होने से पहले वो परेशानी उत्पन्न करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं और मैं परिवारवाद की राजनीति में भी विश्वास नहीं करती हूं इसलिए मैंने चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया है। ममता ने आरोप लगाया कि बाबुन भाजपा के संपर्क में हैं।

### केरल सरकार उठाएगी कानूनी कदम

तिरुवनंतपुरम। नागरिक संशोधन अधिनियम(सीएए) के कार्यान्वयन के खिलाफ केरल में बढ़ते विरोध के बीच मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट ने बुधवार को विवादास्पद अधिनियम के खिलाफ कानूनी कदम उठाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, महाधिवक्ता को मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू करने का काम सौंपा गया है।

## पंजाब: बदल रहे हैं सियासी समीकरण

# कांग्रेस को झटका: BJP में शामिल होंगी परनीत, पटियाला से टिकट संभव

**एजेंसी** | चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में सियासी समीकरण बदल रहे हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी व सांसद परनीत कौर गुरुवार को भाजपा में शामिल होंगी। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें पटियाला सीट से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। परनीत कौर के भाजपा में जाने की अटकलें लंबे समय से लगाई जा रही थीं, लेकिन इसी बीच उनकी बेटी जय इंदर कौर ने बयान देकर साफ कर दिया था कि उनकी मां परनीत कौर जल्द ही भाजपा में शामिल होंगी। गौरतलब है कि इससे पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अपने बेटे रणइंदर सिंह व बेटी जय इंदर कौर के साथ सितंबर 2022 में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां तक कि अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी का विलय भी भाजपा में कर दिया है। अमरिंदर सिंह लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में बनी भाजपा की कमेटी के भी हिस्सा हैं। उन्होंने मंगलवार को ही नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। ज्ञात रहे कि पंजाब में भाजपाका फिलहाल किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं हुआ है। ऐसे में संभावना है कि पार्टी राज्य की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ सकती है।

### चार बार से पटियाला से सांसद हैं परनीत कौर



परनीत कौर चार बार से पटियाला सीट से सांसद हैं। सबसे पहले वह 1999 में पटियाला से लोकसभा चुनाव जीती थीं और इसके बाद 2004, 2009 और 2019 में इसी सीट से चुनाव जीता। 2009 से 2012 तक तत्कालीन यूपीए सरकार में परनीत कौर विदेश राज्य मंत्री भी रही हैं। इसके अलावा वह 2014 से 2017 तक पटियाला से विधायक भी रही हैं। गौरतलब है कि संगठन विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस ने परनीत कौर को तीन फरवरी 2023 को पार्टी से निलंबित कर दिया था। हालांकि लोकसभा की सदस्यता न जाए, इस वजह से परनीत कौर ने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया था।

### नवजोत सिंह सिद्धू नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

दूसरी ओर पंजाब प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने पार्टी से कहा है कि वह अगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसके लिए पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। ज्ञात रहे कि सिद्धू की पत्नी डॉ नवतेज कौर बीमार हैं। ऐसे में सियासी हलकों में यह चर्चा शुरू हो गई है कि कांग्रेस सिद्धू की जगह किसे टिकट देगी। इससे पहले सिद्धू ने कांग्रेस छोड़ने की चर्चा को कोरी बकवास बताया। साथ ही कहा कि वह भाजपा या आम आदमी पार्टी में नहीं जाने वाले हैं। सिद्धू ने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बार कांग्रेस में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। सिद्धू ने दावा किया कि उन्होंने मान से कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के प्रति प्रतिबद्ध हैं और वह उन्हें नहीं छोड़ सकते। सिद्धू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक इंटरव्यू की क्लिप शेयर की। सिद्धू के दावे पर मान ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 8 सीटें जीती थी

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पंजाब की कुल 13 में से 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भाजपा ने 25 साल से चले आ रहे गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। शिअद ने 10 सीटों पर चुनाव लड़कर 2 सीटें जीती थी, जबकि भाजपा ने 3 सीटों पर चुनाव लड़कर 2 सीटें हासिल की थी।

## जरूरी खबर

### देश में बनी चिप बनाएगी हमें आत्मनिर्भर: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा है कि 21वीं सदी, टेक्नोलॉजी केंद्रित है और इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मेड इन इंडिया चिप, डिजान्ड इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की ओर ले जाएगी। पीएम मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए की तीन सेमीकंडक्टर सुविधाओं की आधारशिला रखने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि चिप बनाना सिर्फ एक उद्योग नहीं है, ये विकास का वो द्वार खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा हुआ है।

### कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध का राज्यों को निर्देश

**नई दिल्ली।** पालतू कुत्तों के हमलों से लोगों की मौत की बढ़ती घटनाओं के बीच केंद्र ने सरकार ने राज्यों को खूंखार कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। इनमें पिटबुल टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ्स सहित 23 नस्लों के खूंखार कुत्ते शामिल हैं। पशुपालन और डेयरी विभाग ने 12 मार्च को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया कि कुत्तों की जिन नस्लों को ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनको आगे प्रजनन से रोकने के लिए नसबंदी की जानी चाहिए।

### एनसीसी में तीन लाख पदों पर भर्ती को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्ती को मंजूरी दी गई है। इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब स्वीकृत संख्या 20 लाख कैडेटों की तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## मॉरीशस के साथ आपसी हितों पर वार्ता





**पोर्ट लुईस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को मॉरीशस में वहां के प्रधानमंत्री प्रविंद्र कुमार जुगन्नाथ के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता और दोनों देशों के हितों के मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

### जोधपुर में तैनात होंगे अपाचे हेलिकाप्टर

**नई दिल्ली।** सेना की आर्मी एविएशन कोर 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करेगी। सेना के अधिकारियों ने बताया कि यूनिट का पहला हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर प्राप्त करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। **34 ध्रुव हेलिकाप्टर की होगी खरीद:** रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एचएएल के साथ 8073 करोड़ रुपए के दो संयुक्त अनुबंध किए हैं। इस अनुबंध के तहत सेना और तटरक्षक बल के लिए 34 ध्रुव एमके-III हेलिकॉप्टर और अन्य उपकरणों का अधिग्रहण किया जाएगा। हेलिकॉप्टरों में सेना को 25 और तटरक्षक बल को नौ हेलिकॉप्टर मिलेंगे। सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने पिछले सप्ताह इन दो खरीद परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दी थी। 34 ध्रुव एमके-3 हेलिकॉप्टर सियाचिन ग्लेशियर और लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपना प्रदर्शन साबित कर चुका है।

## तीन पूर्व सीएम, कई केंद्रीय मंत्री व मैसूर के पूर्व राजपरिवार के वाडियार को टिकट

# BJP की दूसरी सूची में दिग्गजों पर दांव... बनेगा अंगद का पांव!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 72 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। सूची में कई केंद्रीय मंत्रियों व तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बसवराज बोम्मई(कर्नाटक), मोहनलाल खट्टर (हरियाणा) व त्रिवेंद्रम सिंह रावत (उत्तराखंड) के नाम शामिल हैं। दो दिन पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले खट्टर को पार्टी ने करनाल से लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा है। इन दिग्गज नेताओं के अलावा नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है।

गडकरी का नाम पार्टी की पहली सूची में नहीं था। तब से ही उनके टिकट कटने को लेकर अटकलें लग रहीं थीं। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने तो उन्हें अपनी पार्टी से टिकट देने तक की पेशकश कर दी थी। पार्टी की दूसरी सूची में 14 महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गोयल 2010 से लगातार तीन बार राज्यसभा जा चुके हैं। इस बार उनका राज्यसभा कार्यकाल 2028 में समाप्त होना है। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें इस बार चुनाव मैदान में उतारा है। गोयल मुंबई उत्तर सीट से मैदान में उतरेंगे। भाजपा ने 2 मार्च को पहली सूची जारी की थी।

इसमें 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। इस तरह अब तक 267 सीटों पर नामों की घोषणा की जा चुकी है।









### कर्नाटक: येदियुरप्पा के बेटे को टिकट

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र को शिमोगा सीट से टिकट दिया गया है। राघवेंद्र 2019 में भी यहां से जीते थे। मैसूर लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व राजपरिवार के यदुवीर कृष्णदत्त वाडियार को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में यहां से भाजपा के प्रताप सिम्हा जीते थे। सिन्हा टिकट काट दिया गया है। सिम्हा पिछले साल उस वक्त चर्चा में आए थे जब नए संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगी थी।

### मैदान में केंद्रीय मंत्री

| | | |
|---|---|---|
| *पीयूष गोयल* | - | *मुंबई नॉर्थ* |
| *प्रहलाद जोशी* | - | *धारवाड़* |
| *नितिन गडकरी* | - | *नागपुर* |
| *शोभा कारान्दलाजे* | - | *बेंगलुरु उत्तर* |
| *राव इंद्रजीत सिंह* | - | *गुरुग्राम* |

### महाराष्ट्र: पंकजा मुंडे बीड़ से चुनाव मैदान में



पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे महाराष्ट्र की बीड़ सीट से चुनाव लड़ेंगी। 2019 में यहां से पंकजा की बहन प्रीतम मुंडे जीती थीं। पकंजा फडणवीस सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में पंकजा परली सीट से अपने चचेरे भाई और एनसीपी उम्मीदवार धनंजय मुंडे से हार गई थीं। महाराष्ट्र के कद्दावर नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय विखे पाटिल को भी अहमदनगर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। सुजय 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे। तब पार्टी ने उन्हें यहां से उम्मीदवार बनाया था। सुजय यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। बाद में राधाकृष्ण विखे पाटिल भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट: नए CEC-EC की नियुक्ति पर सुनवाई कल



मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के खिलाफ दाखिल की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 15 मार्च को सुनवाई करेगा। न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर संज्ञान लिया और कहा कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि मुझे अभी सीजेआई से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ती के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। याचिका में उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की है। इसके साथ ही याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। जिसमें CEC-EC की नियुक्ति के लिए सीजेआई, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता की एक समिति के गठन का निर्देश दिया गया था।

### उत्तराखंड

भाजपा की मीडिया सेल के इंचार्ज अनिल बलूनी को गढ़वाल सीट से और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### कहां की कितनी सीटें घोषित

#### राज्य घोषित सीटें

| राज्य | घोषित सीटें | राज्य | घोषित सीटें |
|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 20 | उत्तराखंड | 02 |
| महाराष्ट्र | 20 | दिल्ली | 02 |
| गुजरात | 07 | हिमाचल प्रदेश | 02 |
| तेलंगाना | 06 | त्रिपुरा | 01 |
| हरियाणा | 06 | दादर एवं नगर हवेली | 01 |
| मध्य प्रदेश | 05 | | |

### हरियाणा: कांग्रेस-आप से भाजपा में आए अशोक तंवर को टिकट

कांग्रेस से आम आदमी पार्टी फिर भाजपा में शामिल हुए अशोक तंवर को भी पार्टी ने सिरसा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। 2019 में इस सीट पर भाजपा की सुनीता दुग्गल जीती थीं। अंबाला सीट से पार्टी ने बंतो कटारिया को टिकट दिया है। बंतो 2019 में यहां से जीते रतनलाल कटारिया की पत्नी हैं। रतनलाल का पिछले साल निधन हो गया था। भिवानी महेंद्रगढ़, फरीदाबाद और गुड़गांव लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट दिया गया है। भिवानी से धर्मबीर सिंह, फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर और गुड़गांव से राव इंद्रजीत सिंह उम्मीदवार होंगे।

### दिल्ली: एक को छोड़ सभी सांसदों के टिकट काटे, प्रत्याशी बदले

पार्टी ने दिल्ली की शेष दो सीटों में से पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा को टिकट दिया है। गंभीर पहले ही चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इसी तरह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां के छह सांसदों का टिकट काट दिया है। सिर्फ मनोज तिवारी ही दोबारा मैदान में होंगे। प्रत्याशियों की पहली सूची में पांच नाम थे।

### सूची में क्या खास

- संसद में घुसपैठ के दौरान चर्चा में आए प्रताप सिन्हा का टिकट कटा
- येदियुरप्पा के बेटे को फिर टिकट
- तीन पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई , मनोहर लाल खट्टर व त्रिवेंद्र सिंह रावत चुनाव मैदान में
- दिल्ली में सात में से छह सांसदों के टिकट कटे
- मैसूर के पूर्व राजपरिवार के यदुवीर कृष्णदत वाडियार को चुनाव मैदान में उतारा

### गुजरात में कटे कई सांसदों के टिकट

गुजरात की साबरकांठा सीट से भी मौजूदा सांसद दीपसिंह राठौर का टिकट काटकर भीखाजी दुधाजी ठाकोर को दिया गया है। अहमदाबाद ईस्ट से मौजूदा सांसद हंसमुखभाई पटेल को फिर से टिकट मिला है। भावनगर से मौजूदा सांसद भारतीबेन सयाल की जगह निमुबेन बम्भानिया को, वडोदरा से मौजूदा सांसद रंजनबेन भट्ट, छोटा उदपुर से मौजूदा सांसद गीताबेन की जगह जशुभाई राठवा को टिकट दिया गया।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा...

# मिला बॉन्ड का ब्योरा, उचित समय पर करेंगे खुलासा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड्स से संबंधित जानकारी भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को उपलब्ध करवा दी है और इससे संबंधित सभी आवश्यक जानकारी का खुलासा निर्धारित समय के बीच कर दिया जाएगा।

राजीव कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से चुनावी बॉन्ड्स से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाए जाने संबंधी सवाल पूछा तो इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने हमें निर्धारित समय पर डेटा उपलब्ध करवा दिया है।



उन्होंने कहा,मैं दिल्ली जा रहा हूं और डेटा को देखूंगा और निर्धारित समय के बीच इसका खुलासा किया जाएगा। ज्ञात रहे कि एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मंगलवार को चुनाव आयोग को उन संगठनों का ब्योरा सौंपा, जिन्होंने अब समाप्त हो चुके चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें हासिल किया था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड का ब्योरा सौंपने का आदेश दिया था।

### खरीदे गए 22,217 चुनावी बॉन्ड

दूसरी ओर एसबीआई ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर बताया कि एक अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे। जिनमें से 22,030 बॉन्ड को भुनाया गया है। हलफनामा बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने दायर किया। खारा ने शीर्ष अदालत को बताया कि आदेश के मुताबिक चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड के चंदे की जानकारी उपलब्ध करवा दी है। साथ ही चुनावी बॉन्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम का विवरण भी चुनाव आयोग को उपलब्ध करवाया गया है।

### चुनावी चंदे का ब्योरा

1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 के बीच 22,217 चुनावी बॉन्ड बिके, जिसमें से 22,030 कैश करवाए गए हैं।

12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक कुल 18,871 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए और 20,421 को कैश करवाया गया।

1 अप्रैल, 2019 और 11 अप्रैल, 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए और उनमें से 1,609 को कैश करवाया गया।

## किसान संगठनों का फैसला...

# देशभर में 16 से निकाली जाएगी अस्थि कलश यात्रा

**एजेंसी** | चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने 16 मार्च से देश के विभिन्न राज्यों में अस्थि कलश यात्रा निकालने की घोषणा की है। इसके लिए शुक्रवार को किसान नेता अपने समर्थकों के साथ बठिंडा के गांव बल्लों जाएंगे। यहां से किसान आंदोलन के दौरान मारे गए किसान शुभकरण सिंह की अस्थियों के 21 कलश तैयार करके इन्हें पहले शंभू और खनौरी सीमा पर ले जाएंगे। इसके बाद 16 मार्च से हरियाणा से अस्थि कलश यात्रा की शुरुआत होगी। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि यह यात्रा हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तामिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात और राजस्थान राज्यों में भी निकाली जाएगी। यात्रा गांव-गांव जाएगी और इस दौरान लोगों को केंद्र की किसान विरोधी नीतियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा किसानों की मांगों के समर्थन में आगे आने को प्रेरित किया जाएगा। हरियाणा में अस्थि कलश यात्रा के दौरान 22 मार्च को हिसार जिले में माजरा पिआउ में और 31 मार्च को अंबाला के मौड़ा मंडी में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय 'संजीवनी' कला महोत्सव: पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग को समर्पित

# कथक की प्रस्तुति के संग 'दुश्मनी' की कहानी भी मंचित

*बेधड़क.जयपुर। ओरियन ग्रीन्स संस्था द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पर्यावरण आधारित राष्ट्रीय 'संजीवनी' कला महोत्सव इस बार ध्रुपद मार्तंड स्व. पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियदर्शिनी मिश्रा ने किया। इस मौके पर जहां कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, वहीं 'दुश्मनी' की कहानी भी मंचित की गई। शाम 6 बजे कथक गुरु मंजिरी किरण के सान्निध्य में कथक नृत्य 'संजीवन' प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रतिभागी अदिति शर्मा, दिशा भट्ट, श्रेया पंडित, शिविका सरावगी रही। कथक गुरु मंजिरी किरण ने कहा कि मनुष्य इस संसार का एक अविभाज्य घटक है और पर्यावरण के संतुलन तथा असंतुलन में असाधारण योगदान रखता है। कथक नृत्य मानवी जीवन को दिमाग, शरीर, आत्मा तीनों स्तरों पर प्रभावित करते हुए संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।*





फोटो: पंकज शर्मा

### कथक संसार लिए 'संजीवन'

मंजिरी किरण ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कथक नृत्य के आराध्य देव माने जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की सभी लीलाओं में जगत कल्याण का गहन हितोपदेश प्रतीत होता है। उनके सिर पर मोरपंख तथा गले में वैजयंती माला धारण करना प्रकृति के प्रति सहृदय होना दर्शाता है। माखन चुराकर बांट लेने का अर्थ है कि किसी इलाके में उपजी वस्तुओं पर पहला अधिकार वहां के लोगों का होता है। गोवर्धन पर्वत यानी के प्रकृति की पूजा करने का, कालिया दमन द्वारा प्रदूषण निवारण का उपदेश आज भी उतना ही उपयुक्त है। भगवान श्रीकृष्ण पर रचित सभी रचनाओं में इन सुंदर जीवन मूल्यों की प्रचिती सदैव होती रहती है। इस तरह कथक नृत्य हमारे जीवन में और इसीलिए इस के संसार लिए 'संजीवन' है।

### रंगायन में नाटक का मंचन

शाम को 7 बजे रंगायन में विश्व प्रसिद्ध नाटककार हेनरिक इबसेन के नाटक 'एन एनिमी ऑफ द पीपल' पर आधारित नाटक 'दुश्मन' आज के समय की कहानी है। जब भूमिगत जल भी खत्म और प्रदूषित हो रहा है। लोग तरह-तरह की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं, लेकिन राजनेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए उन लोगों को 'दुश्मन' बना लेते हैं। नाटक एक वैज्ञानिक डॉक्टर और उसके राजनेता भाई के बीच संघर्ष की कहानी कहता है। वैज्ञानिक डॉ. सूरज प्रकाश अपने शहर में कुओं, झरनों और जलाशयों का आविष्कार करते हैं, जिनका पानी पीने से लोग स्वस्थ होते हैं और इन पानी को पवित्र मानते हैं। लेकिन, डॉ. सूरज के राजनेता भाई मेयर साहब इस पानी का व्यापार करने लगते हैं। बोतलबंद पानी को दूसरे देशों में भेजकर करोड़ों का मुनाफा कमाया जा रहा है, लेकिन कुछ साल बाद अचानक शहर में त्वचा रोग होने लगते हैं। जब डॉ. सूरज इन झरनों, कुओं और जलाशयों के पानी की जांच डेनमार्क की एक प्रयोगशाला से कराते हैं तो पानी प्रदूषित निकलता है, जिससे महामारी फैल सकती है। डॉ. सूरज अपने मेयर भाई को इन फव्वारों और कुओं से पानी बंद करने के लिए कहते हैं, ताकि पानी शुद्ध हो सके। लेकिन, अब राजनेता का व्यवसाय चरम पर है और वह इस बात को नहीं मानता। दोनों भाई के इस द्वंद्व की कहानी है यह नाटक।



## पेंटिंग्स में दिखेंगे कला के रंग



**बेधड़क. जयपुर।** शहर का कला फलक पर 15 मार्च 14 जून तक से राजस्थान के अनेक नामी युवा और वरिष्ठ कलाकारों की कलाकृतियों से रोशन रहेगा। मौका होगा निर्माण नगर स्थित जयपुर सैंटर ऑफ कल्चर एंड आर्ट्स की ओर से आयोजित आर्ट एग्जीबिशन 'ब्लूमिंग थार: ए वीजुअल जर्नी ऑफ राजस्थान' का। लगभग 90 दिन के रंगों के इस कारवां में समकालीन कला के 32 चितेरों की 200 कलाकृतियां अलग अलग अंदाज में कलाप्रेमियों आकर्षित करेंगी। संयोजक मोनिका शारदा और डॉ. तरुण शारदा ने बताया कि इनमें प्रदेश के नामी कलाकार राम जायसवाल, शैल चोयल, विद्यासागर उपाध्याय, लक्ष्मण व्यास, अशोक हाजरा, अब्बास बाटलीवाल, मीनू श्रीवास्तव, डॉ. नाथू लाल वर्मा, शब्बीर हसन काजी, धर्मेन्द्र राठौड़, मनीष शर्मा और विनय शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

## उर्फी LS&D से करेंगी में डेब्यू

**बेधड़क. जयपुर।** सोशल मीडिया सनसनी, बिग बॉस ओटीटी स्टार ओर्फी जावेद, एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा 2 के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी। यह फिल्म दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित और एकता और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उर्फी जावेद हमेशा अपने अनूठे फैशन विकल्पों के लिए चर्चा का विषय बनी रहती हैं।

## पुष्प फागोत्सव का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** श्री श्याम सरकार मित्र मंडल की ओर से मालवीय नगर सैक्टर 9, दशहरा मैदान के पास 13 मार्च को पुष्प फागोत्सव एवं नानी बाई का मायरा का आयोजन किया गया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में दिनेश संगम ने भजनों की प्रस्तुति दी। संयोजक गिर्राज प्रजापत, संजय व उमेश अग्रवाल, दीपक चौधरी, राकेश शर्मा, बलवंत सिंह एवं सभी सैक्टर 9 मालवीय नगर के सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी अविनाश पोखरना ने बताया कि 16 मार्च को 7 बसों द्वारा खाटुश्याम के दर्शन के लिए जाएंगे।

## City इवेंट्स

### वॉर 2 और पठान 2 में नहीं होगा सलमान खान का कैमियो




**बेधड़क. जयपुर।** सलमान खान की पिछले साल आई वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'टाइगर 3' फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, जैसा कि 'पठान' ने किया था। इसके बाद अब मेकर्स ने सलमान खान के वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों में कैमियो को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स ने 'वॉर 2' और 'पठान 2' में सलमान खान का कैमियो न करावाने के फैसला लिया है। मेकर्स सलमान के साथ 'टाइगर' को लेकर कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं। इसकी वजह से मेकर्स चाहते हैं कि स्टैंडअलोन किरदार के रूप में 'टाइगर' की पावर बची रहे। रिपोर्ट में ये भी बताया जा रहा है कि सलमान खान अब कैमियो करते-करते थक गए हैं, अब वो कुछ बड़ा करना चाहते हैं। गौरतलब है कि शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' अपनी कमाई और एक्शन सीन्स के अलावा सलमान खान के कैमियो को लेकर भी खूब चर्चा में रही थी। सलमान खान के धांसू कैमियो ने फिल्म में एक नई जान फूंक दी थी। सलमान खान के फिल्म 'पठान' में किए कैमियो को लोगों ने काफी पसंद किया था।

### 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' की स्क्रीनिंग पर JNU में हंगामा



**बेधड़क. जयपुर।** अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' को लेकर चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में पोस्टर और फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया था। अब जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में बस्तर की स्क्रीनिंग हुई तो इस दौरान खूब हंगामा हुआ। दरअसल जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय कैंपस में राष्ट्रीय कला मंच 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की प्री रिलीज स्क्रीनिंग करवाई। फिल्म 15 मार्च को रिलीज होनी है। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन और मुख्य अभिनेत्री अदा शर्मा भी प्री रिलीज स्क्रीनिंग के पैनल चर्चा में शामिल हुए। स्क्रीनिंग के दौरान जेएनयू में हंगामा शुरू हो गया है। एसएफआई के 100 से अधिक छात्रों ने फिल्म की स्क्रीनिंग का विरोधकिया। आयोजन स्थल की एंट्री भी प्रदर्शनकारियों ने बाधित की। एसएफआई ने ऑडिरियम की दो बार लाइट भी काटी, ताकि फिल्म की स्क्रिनिग रोकी जा सके।

## अजय देवगन स्टारर मूवी का भौकाल

# 'शैतान' ने BO पर पांच दिन में ही नाप दी आर्टिकल '370'




**बेधड़क | जयपुर**

दृश्यम और दृश्यम2 के बाद एक बार फिर अजय देवगन का फैमिली मूवी वाला फॉर्मूला बॉक्स ऑफिस पर कमाल करता दिखाई दे रहा है। फैमिली ऑडियंस को ही टार्गेट करके बनाई गई अजय देवगन की एक और मूवी शैतान 8 मार्च रिलीज हुई है। यह भी पिछली दोनों मूवीज की तरह बॉक्स ऑफिस पर भौकाल मचाए हुए है। कमाई का यह आलम है कि उससे दो वीक पहले रिलीज हुई आर्टिकल 370 के 18 दिन के कलेक्शन 70.06 करोड़ की पांच दिन में ही लगभग बराबरी कर ली है। फिल्म ने पांच दिन में 69.51 करोड़ रुपए का भारत में नेट कलेक्शन कर लिया है।

शैतान आठ मार्च को सिनेमाघरों में पहुंची थी। दृश्यम और दृश्यम2 की तरह ही अजय शैतान में भी अपनी बेटी को बचाने के लिए विलन से लड़ते हुए नजर आए हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वो क्राइम थ्रिलर थीं और यह हॉरर मूवी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ 21 लाख रुपए के कलेक्शन के साथ ओपनिंग ली थी। दूसरे और तीसरे दिन मूवी ने क्रमशः 19.18 और 20.74 करोड़ की कमाई की। इस तरह से फर्स्ट वीक एंड पर शैतान ने 55 करोड़ 13 लाख रुपए के कलेक्शन के साथ पचास करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। चौथे दिन 7.81 और पांचवें दिन 6.57 करोड़ की कमाई शैतान ने की।

## '10X बिजनेस ग्रोथ थ्रू एनर्जी' पुस्तक लॉन्च

# ब्रह्मांड और ज्योतिष के अनुभवों को लेखक ने बुक में समेटा



**बेधड़क | जयपुर**

बिजनेस में ज्योतिष एनर्जी का बहुत महत्व होता है। यह कई रूप में होती है। जब यह पॉजिटिव होती है, तो जीवन में फायदेमंद होती है। वहीं जब यह नेगेटिव होती है तो नुकसानदायक बन जाती है। जयपुर के ज्योतिष, वास्तुकार और मोटिवेशनल गुरु जयंत पांडे ने ऐसी ही ज्योतिष एनर्जी को बुक में समेटा है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बुधवार को '10X बिजनेस ग्रोथ थ्रू एनर्जी' बुक लॉन्च की। जयंत पांडे ने ब्रह्मांड और ज्योतिष की सहायता से बिजनेस को 10 गुना ग्रोथ करने के उपाय बुक में सुझाए हैं। जयंत पांडे ने बताया कि मैंने अपने जीवन के अनुभवों को आसान तरीके से 15 अध्याय के रूप पुस्तक में प्रस्तुत करने की कोशिश की है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बुक की प्रथम प्रति भेंट की। पांडे ने बताया कि ब्रह्मांड और ज्योतिष आधारित बुक में ब्रह्मांड की ऊर्जा का जीवन और व्यापार में प्रभाव के साथ व्यापार में पार्टनर के चुनाव के बारे में बताया गया है। इसके अलावा हमारे मस्तिष्क, ग्रह, तारों, पृथ्वी, पंचतत्व, स्थान, नाम, अंक, प्रतीक चिन्ह, बिजनेस कार्ड, रंग और रत्नों की ऊर्जा का प्रभाव बताया गया है। पुस्तक का हिंदी सहित अनेक भाषाओं में अनुवाद किया गया है। मेडिटेशन सेशन में लोगों को सफल बिजनेसमैन की अनुभूति हुई और अपने अनुभव साझा किए।

**'रंग उत्सव'** कला प्रेमियों के लिए विभिन्न प्रदर्शनी और वर्कशॉप्स

# 'पंडून के कड़े' में लोकगीतों में ढाले महाभारत के किस्से

**बेधड़क | जयपुर**

लोकगीत के माध्यम से महाभारत के किस्सों को दर्शकों के सामने खरताल, ढोलक, सारंगी और नगाड़े की ताल से प्रस्तुत किया, लोक कथा गायक बजरंग मेवाती द्वारा पंडून के कड़े का प्रस्तुति हुई।

मौका था प्रदेश के सांस्कृतिक और कलात्मक स्थल रविंद्र मंच जयपुर के हीरक जयंती के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 13 से 16 मार्च को रंग उत्सव कार्यक्रम के आयोजन का। राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत व मंच की हीरक जयंती के उपलक्ष में चार दिवसीय चलने वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत रविंद्र मंच, प्रबंधक सोविला माथुर, पद्मश्री शाकिर अली, समाजसेवी सुधीर माथुर, आरबी गौतम, सोशल एक्टिविस्ट हेमंदर सिंह वेदा द्वारा उद्घाटन सत्र के साथ हुआ।



### लाइव वर्कशॉप बनी आकर्षण

100 साल पुरानी लकड़ी पर पिछवाई आर्टवर्क और कैनवास पर रंगो से उकेरे गए भगवान शालीग्राम, कलात्मक माहौल में धार्मिक रंग जोड़ते दिखे। कार्यक्रम में 15 आर्टिस्ट्स की विभिन्न आर्ट फॉर्म्स का कलेक्शन एक ही छत के नीचे देखने को मिला। लाइव कैलीग्राफ़ी, पेंटिंग, स्कल्पचर और रेजिन वर्कशॉप का आयोजन भी हुआ ।

### सबसे बड़ी कुरआन रही खास

दुनिया की सबसे बड़ी 10.5 फीट लंबी हस्तलिखित अल्फी कुरआन का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। ये कुरआन राजस्थान मौलाना अब्दुल कलाम आजाद अरबिक पर्शियन रिसर्च इंस्टिट्यूट, टोंक से प्रदर्शित की गई। 125 बाई 90 माप में तैयार की गई। इस कुरआन में 64 पृष्ठ हैं। कवर पर चांदी से किताब का शीर्षक और पवित्र कुरान के फाइनेंसर अल हज मुहम्मद शेर खान साहब का नाम अंकित हैं।

### कालीदास के नाटक का मंचन

कार्यक्रम के पहले दिन का अंत रवींद्र मंच सोसाइटी द्वारा महाकवि कालीदास द्वारा लिखित और सुफियान सूफी द्वारा निर्देशित नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का सफल मंचन किया गया। नाटक राजा दुष्यन्त और शकुंतला की प्रेम कहानी पर आधारित रहा। राजा दुष्यंत शिकार का पीछा करते हुए वन में पहुंचते हैं और शकुंतला के आकर्षण में को जाते हैं। शकुंतला को भी दुष्यंत से प्रेम हो जाता है और दोनो गंधर्व विवाह कर लेते हैं। दुष्यंत अपने राज्य वापस आ जाता है। दुर्वासा ऋषि के शाप के कारण दुष्यंत शकुंतला को भूल जाता है। संयोगवश अंगूठी राजा को मिल जाती है और उसे सब याद आ जाता है। शकुंतला राजा को प्राप्त होती है और इस तरह नाटक का अंत सुखांत होता है। नाटक में प्रकृति प्रेम को दर्शाया गया है।




## पाक राष्ट्रपति का बेटी को फर्स्ट लेडी बनाने का फैसला विवादों में

# 'खातून-ए-अव्वल' बेटी से भविष्य को साध रहे जरदारी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा को देश की प्रथम महिला बनाने का फैसला लिया है जिसे पाकिस्तान में खातून-ए-अव्वल कहा जाता है। बेटी को राजनीतिक विरासत सौंप कर आगे बढ़ाने के लिए उठाया गया यह जरदारी का सोचा समझा कदम है, जिसकी पाकिस्तान में आलोचना भी हो रही है।

एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक जरदारी का बेटे बिलावल के मुकाबले अपनी बेटियों के लिए ज्यादा प्यार है। बिलावल से कई चीजों पर मतभेद की वजह से वे चाहते हैं कि आसिफा राजनीति में आगे बढ़ें और आने वाले कुछ सालों में अपनी मां बेनजीर भुट्टो की तरह पार्टी और देश को लीड करें। इसी को देखते हुए उन्होंने आसिफा को प्रथम महिला बनाने का फैसला लिया है, ताकि वह करीब से राजनीति को समझ सकें। आसिफ जरदारी इसलिए भी आसिफा को बढ़ाना चाहते हैं क्योंकि पाकिस्तान के एक और बड़े राजनेता नवाज शरीफ ने अपनी बेटी मरियम को विरासत सौंपते हुए उनको पंजाब का मुख्यमंत्री बना दिया है। ऐसे में साफ है देश में भविष्य में होने वाले चुनावों में मरियम को नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन का चेहरा बनाया जा सकता है। जरदारी चाहते हैं कि उनकी पार्टी पीपीपी के पास भी एक मजबूत महिला नेता हो जो मरियम का मुकाबला कर सके। इसे देखते हुए भी वह आसिफा का कद बढ़ाना चाहते हैं।



### फैसले पर विरोध पर कानूनी अड़चन नहीं


आसिफा के प्रथम महिला बनने पर काफी बहस हो रही है। कई लोग इसका समर्थन तो कई विरोध कर रहे हैं। आमतौर पर फर्स्ट लेडी किसी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री की पत्नी को माना जाता है। जरदारी के फैसले पर सवाल उठाने वाले कह रहे हैं कि आखिर बेटी को फर्स्ट लेडी कैसे बनाया जा सकता है। इससे एक अच्छा संदेश नहीं जाएगा। हालांकि इसमें कोई कानूनी अड़चन नहीं है। पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के राष्ट्रपति के पास ये अधिकार है कि वो अपने परिवार की किसी महिला सदस्य को फर्स्ट लेडी का पद दे सकता है। जरदारी ने आसिफा को ये पद देने का फैसला लिया है। आसिफा पाकिस्तान में सबसे कम उम्र की फर्स्ट लेडी बन रही है। इससे उनको फर्स्ट लेडी को मिलने वाली सभी सुविधाएं और प्रोटोकॉल मिलेगा।

### पोलियो अभियान का चेहरा हैं आसिफा

आसिफा की उम्र 31 साल की है। वह बिलावल और बख्तावर के बाद आसिफ अली जरदारी की सबसे छोटी संतान हैं। आसिफा ने ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन और एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। पाकिस्तान में आसिफा को पोलियो अभियान के लिए पहचाना जाता है। आसिफा भुट्टो जरदारी पोलियो उन्मूलन के लिए पाकिस्तान की राजदूत भी हैं। साथ ही वह अपने पिता और भाई के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की स्टार कैंपेनर हैं। 2020 से वह पीपीपी के चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रही हैं।




## ... तो परमाणु युद्ध को तैयार रूस: पुतिन



**एजेंसी** | मॉस्को

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।

## तीसरी बार हासिल किया विश्वासमत, बने रहेंगे PM

# अग्निपरीक्षा से विजेता बन कर निकले प्रचंड



**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली है और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से 'प्रचंड' ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था।

नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की। विश्वास मत जीतने के लिए प्रचंड को महज 138 वोटों की जरूरत थी। हालांकि, एक सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। काठमांडू के नया बनेश्वर स्थित संसद भवन में वोटिंग के दौरान कुल 268 विधायक मौजूद थे। संघीय संसद के स्पीकर देव राज घिमिरे ने एलान किया कि प्रधानमंत्री ने विश्वास मत जीत लिया है। बता दें कि यह तीसरा मौका है जब प्रचंड ने डेढ़ साल से भी कम समय में सदन में विश्वास मत मांगा। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, किसी सहयोगी दल के सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करना होता है।

## भारत में नहीं आएगा नजर

# 2024 का पहला चंद्रग्रहण होली को

**एजेंसी** | वाशिंगटन

वर्ष 2024 का पहला चंद्रग्रहण 25 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन लगेगा। भारत में फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली का त्योहार मनाया जाता है।

खगोलविदों के अनुसार, ग्रहण सुबह 10.23 मिनट से शुरू होगा और दोपहर बाद 3.02 बजे तक जारी रहेगा। ऐसा मौका 100 साल बाद आ रहा है जब होली के दिन चंद्र ग्रहण पड़ रहा है। यह एक उपछाया ग्रहण होगा। ऐसा तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया के हल्के हिस्से से होकर गुजरता है। इसके चलते इस ग्रहण को नग्न आंखों से देखना संभव नहीं होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार, आंशिक या पूर्ण ग्रहण के विपरीत उपछाया ग्रहण के दौरान चंद्रमा की सतह का रंग हल्का धुंधला रहेगा। उपछाया ग्रहण के चलते चंद्रमा की छाया में हल्का अंतर होता है और कई बार इसे पहचान पाना मुश्किल होता है। ये आंशिक या पूर्ण ग्रहण की तुलना में अधिक आम हैं।

नासा के अनुसार, चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के दौरान होता है। जब पृथ्वी चंद्रमा और सूर्य के ठीक बीच में स्थित होती है, तो पृथ्वी की छाया चंद्रमा की सतह पर पड़ती है, जिससे चंद्रमा की सतह धुंधली हो जाती है और कभी-कभी कुछ घंटों के दौरान चंद्रमा की सतह एकदम लाल हो जाती है।



### त्योहार पर नहीं पड़ेगा असर

खास बात ये है कि होली के दिन लगने जा रहा ये चंद्रग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इस खगोलीय घटना को आयरलैंड, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड, दक्षिण नॉर्वे, इटली, पुर्तगाल, रूस, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड और फ्रांस के कुछ हिस्सों में देखा जा सकेगा। चूंकि, ये ग्रहण भारतीय उपमहाद्वीप में नजर नहीं आएगा, जिसके चलते होली के त्योहार पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl